www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 344, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 23 जून 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

लखनऊ अग्नि कांड

# 'मौत वाला कोचिंग सेंटर'



## कोई सीधा नीचे कूदा, कोई रस्सी-तार पकड़ उतरा

### पास नक्शे के विपरीत था बिल्डिंग का निर्माण, नहीं थी फायर एनओसी

**लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज में सोमवार दोपहर एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 15 छात्रों की मौत हो गई, जबकि कई छात्र घायल भी हैं. कई छात्र जान बचाने के लिए उपरी मंजिल से नीचे कूदे. घटना की सूचना मिलते ही दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर पहंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की. सूचना मिलते ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंच गए.

सीएम योगी अलीगढ़ का दौरा बीच में ही छोड़ लखनऊ पहुंचे और घटनास्थल पर मौका मुआयना किया. इसके बाद सीएम अस्पताल में घायलों से मिलने पहुंचे. उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे.

शुरूआती जानकारी में आग लगने का कारण ग्राउंड फ्लोर पर पेट शॉप में शार्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है. मामले की गंभीरता को देखते सीएम योगी अलीगढ़ का दौरा रद्द कर लखनऊ पहुंच रहे हैं. आइये जानते हैं इस घटना में अभी तक क्या-क्या हुआ?

**कैसे लगी आग ?**

शुरूआती जानकारी में कोचिंग सेंटर में आग दोपहर दो बजे के आसपास लगी. ऊपरी मंजिल पर आग ने तेजी पकड़ी और पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया. उस समय बड़ी संख्या में छात्र और अन्य कर्मी मौजूद थे. छात्रों ने जान बचाने के लिए छत और छज्जे का सहारा लिया. कई नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हैं.

**14 दमकल गाड़ियां मौके पर**

सूचना मिलते ही दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक से दो घंटे में आग पर काबू पाया. आग दोबारा न भड़के दमकल कर्मी लगातार पानी डाल रहे हैं. भारी धुंए के चलते दीवारें तोड़कर लोगों को बाहर निकाला गया. फिलहाल आग पर काबू पाने के बाद पूरे परिसर की तलाशी ली जा रही है.

**आवासीय और व्यावसायिक इलाका है अलीगंज**

अलीगंज लखनऊ का प्रमुख आवासीय और व्यवसायिक इलाका है. इस इलाके में बड़ी संख्या में कोचिंग और इस तरह के संस्थान हैं. जिस विल्डिंग में आग लगी है उस समय भी यहां कोचिंग चल रही थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

**15 की मौत की पुष्टि**

इस हादसे में खुद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 15 लोगों की मौत की पुष्टि की है. इसी तरह इस हादसे में घायलों की संख्या भी एक दर्जन से ज्यादा है, जिन्हें ङ्क्रद्गव के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है.

यहां बता दें कि अभी मृतकों की संख्या और घायलों की संख्या बढ़ सकती है. परिसर में तलाशी अभियान जारी है. हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं.

### पीएम मोदी-सीएम योगी ने जताया दुःख

अलीगंज में हुए इस अग्निकांड पर पीएम मोदी ने दुःख जताया है, उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख, घायलों को 50 हजार की मदद का ऐलान किया है. सीएम योगी ने घटना की जानकारी मिलते ही डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह को मौके पर भेजा और राहत एवं बचाव के निर्देश दिए. खुद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौके पर मौजूद हैं. उन्होंने दुःख जताते हुए घायलों की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है.








## लखनऊ अग्निकांड में राष्ट्रपति ने जताया दुख

**भारत** की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि लखनऊ में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है. मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं.

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी जताया दुख**

राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए, घटना पर दुख जताया है. उन्होंने कहा है कि लखनऊ के अलीगंज इलाके में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है. मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ है, जिन्होंने इस घटना में अपने प्रियजनों को खोया है. इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं.

**लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जताया दुख**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने के हादसे में कई लोगों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है. सभी शोकाकुल परिवारों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं.

**कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने क्या कहा है?**

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने की दुखद घटना में कई लोगों की जान चली गई है, जो बेहद पीड़ादायक व हृदयविदारक है. पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। कांग्रेस पार्टी सभी शोकसंतप्त परिवारों व घायलों के साथ है. मैं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं

## अग्निकांड घटनास्थल पर पहुंचे सीएम, पीड़ित लोगों के परिवारों से की मुलाकात, सख्त जांच के आदेश

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार को तीन मंजिल की एक व्यावसायिक इमारत में लगी आग में झुलसकर कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी तथा सात अन्य जख्मी हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और मामले की जांच के सख्त निर्देश दिये। इसके साथ ही आग की घटना में पीड़ित लोगों के परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड में जान गंवाने वालों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में घायल हुए लोगों को भी 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है और अधिकारियों को उनके उचित इलाज और पुनर्वास को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



लखनऊ में आग लगने की घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे अभी लखनऊ में आग लगने की एक दुखद घटना की जानकारी मिली है, जिसमें लोगों की जान गई है; यह वाकई बहुत दुखद हादसा है। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं और मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। मैंने कुछ प्रशासनिक अधिकारियों से बात की है और हालात का जायजा लेने के लिए मैं तुरंत लखनऊ जा रहा हूं।

# महायुति ने 16 सीटें जीतकर किया विपक्ष को चित्त

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** विधान परिषद चुनावों में सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की और राज्य भर में हुई 17 सीटों के चुनाव में से 16 सीटें अपने नाम कीं। इन नतीजों से महाराष्ट्र की राजनीति पर इखढ के नेतृत्व वाले गठबंधन की पकड़ और मजबूत हो गई है। वोटिंग से पहले ही महायुति के कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके थे, जिससे गठबंधन को काफी बढ़त मिल गई थी। बाकी सीटों पर भी गठबंधन का दबदबा कायम रहा और विपक्षी महा विकास अघाड़ी के हाथ सिर्फ. एक सीट लगी। महायुति को एकमात्र झटका नासिक में लगा, जहाँ भाजपा के बागी उम्मीदवार गोकुल गीते ने गठबंधन समर्थित शिवसेना उम्मीदवार नरेंद्र दराडे को हरा दिया। इससे पता चलता है कि गठबंधन की कुल सफलता के बावजूद, अंदरूनी मतभेद की कुछ जगहें अभी भी मौजूद हैं। इस नतीजे को आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महायुति नेतृत्व के लिए एक बड़ी बढ़त के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि विपक्ष के लिए अपनी संगठनात्मक ताकत और चुनावी रणनीति को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं।




मतदान शुरू होने से पहले ही महायुति को बढ़त मिल गई थी, क्योंकि चुनाव से पहले उसके छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे। नांदेड़, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, छत्रपति संभाजीनगर-जालना, परभणी-हिंगोली, जलगांव, सांगली-सतारा, नासिक, सोलापुर, धाराशिव-लातूर-बीड और अमरावती सहित 11 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ।

## दल-बदल के आरोपों पर तीखा पलटवार

**महाराष्ट्र**

**शिवसेना** विधायक नीलेश नारायण राणे ने शिवसेना सांसद संजय राउत के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि छह सांसदों के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल होने के पीछे पैसों का लेन-देन हुआ था। अठक से बात करते हुए, राणे ने राउत को अपने दावों का सबूत देने की चुनौती दी और उनकी आलोचना करते हुए कहा कि संजय राउत जो कहते हैं, उसे इतना महत्व न दें। क्या उनके पास कोई सबूत है? वे किस आधार पर कह रहे हैं कि पैसे लिए गए? क्या आप हवाला में शामिल थे? मैं उनके सवालों का जवाब क्यों दूं? वे एक 'गटर-छाप' किस्म के आदमी हैं।

राणे की यह टिप्पणी राउत के उन आरोपों के बाद आई है, जिनमें उन्होंने कहा था कि धाराशिव के सांसद ओमराजे निंबालकर समेत कई बागी सांसदों ने शिवसेना की विचारधारा से गद्दारी की है और पाला बदलने के लिए पैसे लिए हैं। राउत ने पार्टी में हुई इस फूट को महाराष्ट्र को बांटने वाला भी बताया।

## ममता को चैयरमैन पद से हटाया, अभिषेक बनर्जी भी हुए सस्पेंड,

### TMC के बागी गुट का बड़ा फैसला



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की राजनीति में सोमवार को भूचाल मच गया है. जब टीएमसी के बगावती गुट ने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को उनके पद से सस्पेंड कर दिया है. न्यूज टाउन में हुई शाम की बैठक में टीएमसी के बागी गुट ने ममता बनर्जी को चैयरमेन पद से सस्पेंड किया. उनकी जगह हावड़ा सेंट्रल के एमएलए अरूप रॉय को चेयरमैन नियुक्त किया है.

इसके अलावा इस गुट ने अभिषेक बनर्जी को ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी के पद से भी सस्पेंड कर दिया है. इससे पहले सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र हुआ. सत्र के बाद टीएमसी के बागी विधायकों ने न्यूटाउन होटल में मीटिंग की. इस मीटिंग में 60 एमएलए शामिल हुए. वहीं, इस दौरान 70 पूर्व पार्षद भी मौजूद रहे. इसी मीटिंग में 30 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई. मीटिंग में मौजूद सूत्रों ने जानकारी दी कि नयू टाउन के एक होटल में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान 11 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई।

## 'तुम निकम्मे लोग, यहाँ व्यक्ति पूजा नहीं होती'

**कर्नाटक**

**कर्नाटक** की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित कांग्रेस के 'संकल्प समावेश' कार्यक्रम के दौरान एक हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। मंच से भाषण दे रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उस समय आगबबूला हो गए, जब पार्टी कार्यकताओं के एक गुट ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थन में 'DK-DK' के नारे लगाने शुरू कर दिए और कार्यक्रम में बाधा डाली। खड़गे ने नारेबाजी करने वाले कार्यकताओं को मंच से ही "बेकार लोग" कहकर कड़ी फटकार लगाई।




"क्या यहाँ फर्श पर झाड़ू लगाने आए हैं बाकी लोग?" – खड़गे नारेबाजी से नाराज मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकताओं को याद दिलाया कि यह कांग्रेस का कार्यक्रम है, किसी एक व्यक्ति विशेष को बढ़ावा देने का मंच नहीं। उन्होंने कड़े लहजे में कहाः "क्या यहां नारे लगाने से पूरे देश पर कोई असर पड़ेगा? यह किसी व्यक्ति का कार्यक्रम नहीं है, यह पार्टी का कार्यक्रम है। तुम बेकार लोग! यहां किसी व्यक्ति की पूजा नहीं होती।

## 1 जुलाई से 12 शहरों के लिए इंडिगो की सीधी उड़ानें, एनसीआर यात्रियों को मिलेगा बड़ा विकल्प

**ग्रेटर नोएडाः नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जुलाई से इंडिगो एयरलाइंस देश के 12 प्रमुख शहरों के लिए नियमित कमर्शियल उड़ानों का संचालन शुरू करने जा रही है। एयरलाइंस ने इसका विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है और टिकटों की बुकिंग भी खोल दी गई है। इसके साथ ही नोएडा एयरपोर्ट से हवाई यात्रा का दायरा तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि इंडिगो पहले से ही 16 जून से चार शहरों के लिए प्रतिदिन उड़ानों का संचालन कर रही है। वहीं अकासा एयर भी नवी मुंबई और बेंगलुरु से नोएडा के लिए उड़ानें चला रही है और जल्द ही अपने नेटवर्क में और शहर जोड़ने की तैयारी में है।




**एक जुलाई से 12 नए शहरों के लिए सीधी उड़ानें**

इंडिगो की नई घोषणा के तहत 1 जुलाई से नोएडा एयरपोर्ट से जिन शहरों के लिए उड़ानें शुरू होंगी, उनमें नवी मुंबई, श्रीनगर, जोधपुर, धर्मशाला, भोपाल, देहरादून, बरेली, किशनगढ़, लखनऊ, जयपुर, पंतनगर और चंडीगढ़ शामिल हैं। इन सभी रूटों पर रोजाना फ्लाइट संचालन किया जाएगा। इन नए रूट्स के जुड़ने के बाद नोएडा एयरपोर्ट से कुल 16 शहरों के लिए नियमित कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी।

## भरत तिवारी एनकाउंटर : सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

### याचिकाकर्ता को रजिस्ट्रार के पास जाने का निर्देश

**नई दिल्ली। सुप्रीम** कोर्ट ने भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की तारीख तय करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया है कि वह रजिस्ट्रार के समक्ष मामले का उल्लेख करे, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। इस याचिका में घटना की सीबीआई जांच कराने और सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है।

यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि बिहार के भोजपुर जिले में हुई पुलिस मुठभेड़ में भरत भूषण तिवारी की मौत एक ह्णन्यायेतर हत्याह्ण का मामला हो सकती है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच बेहद जरूरी है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।



घटना बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौती गांव की बताई जा रही है, जहां बुधवार को पुलिस और एक व्यक्ति के बीच फायरिंग हुई थी। पुलिस का दावा है कि अभियान के दौरान भरत भूषण तिवारी ने पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके बाद आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस गोलीबारी में भरत भूषण तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई थी। इस बीच बिहार सरकार ने भी मामले को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ण पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिलौती गांव में हुई मुठभेड़ की जांच पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि इस जांच से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ समीक्षा सुनिश्चित होगी।

उधर, इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई भी की गई है। बिहार पुलिस ने एक थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

# रात्रि चौपाल में विधायक दीपक पटेल ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान के लिए अधिकारियों के लिए निर्देश

## गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, विभागीय स्टॉलों पर हुआ पंजीकरण, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत जनकल्याण एवं जागरूकता अभियान को लेकर सोमवार रात विकासखंड सहसों की ग्राम पंचायत चिलौड़ा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया ने की। मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया गया।

रात्रि चौपाल में बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, स्वयं सहायता समूह, लघु सिंचाई समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं का निस्तारण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपक पटेल और ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही दोनों जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। चौपाल में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगार, पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और ग्रामीणों की शिकायतों व सुझावों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रामवीर सिंह पाल, पार्षद अरुण मिश्रा ह्यपिंटूह्न, विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, आदित्य सिंह, भूपेंद्र पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह ह्यगप्पूह्न, उप कृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा, ग्राम विकास अधिकारी आशमा सिंह, विनय तिवारी, शशी यादव, बड़े बाबू विजय बहादुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरिया चोरी करते युवक पकड़ा गया, पुलिस को सौंपा

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के सरस्वती हाइटेक सिटी में निमार्णाधीन मकान से सरिया चोरी करने के आरोप में एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लॉट पर निर्माण कार्य चल रहा है जहां बाहर रखी निर्माण सामग्री में सरिया चोरी की जा रही थी। बताया जाता है कि 21 जून की सुबह लगभग 3 बजे स्थानीय लोगों ने मकान स्वामी को सूचना दी कि उनके प्लॉट से सरिया चोरी हो रही है। मौके पर पहुंचने पर एक रिक्शे पर 12 पीस 12 सरिया लदी मिली जिसका वजन लगभग 100 किलोग्राम तथा अनुमानित कीमत 11 हजार रुपये बताई गई है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सुशील कुमार सोनी पुत्र शेषमणि सोनी निवासी सड़वा कॉलोनी बताया। ग्रामीणों और मकान स्वामी के परिजनों ने आरोपी को रिक्शा एवं बरामद सरिया सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आशंका जताई है कि चोरी की घटना में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। मामले में पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### ग्राम पंचायत छीड़ी में खेल मैदान पर अवैध कब्जा ध्वस्त, प्रशासन का चला बुलडोजर



**बारा,प्रयागराज।** तहसील बारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छीड़ी से भूमाफियाओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की खबर सामने आई है। ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन खेल मैदान की सरकारी जमीन पर भूमाफिया द्वारा किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। जानकारी के अनुसार, छीड़ी गांव में युवाओं के लिए खेल मैदान का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी बीच कुछ स्थानीय भूमाफियाओं द्वारा खेल मैदान की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। ग्रामीणों की शिकायत और राजस्व विभाग की जांच के बाद प्रशासन ने त्वरित एक्शन लिया। अतिक्रमण हटाने और ध्वस्तीकरण की इस कार्रवाई के दौरान मौके पर तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। राजस्व विभाग की ओर से कानूनगो परमात्मा पांडेय और लेखपाल आशीष कुमार मौके पर डटे रहे। किसी भी प्रकार के विरोध या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति से निपटने के लिए बारा थाने की पुलिस फोर्स की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रही। ?प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीनों, विशेषकर खेल मैदानों और सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के भूमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं ग्रामीणों और स्थानीय युवाओं ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है ताकि खेल मैदान का काम बिना किसी बाधा के पूरा हो सके।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे सौहार्द और आनंदपूर्वक मनाया गया,योग हमारे जीवन का आधार : डॉ रमेश चंद्रा



**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंडियन योगा एसोसिएशन, अखंड चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के संयुक्त तत्वाधान में नैनी अरैल घाट स्थित सच्चा बाबा आश्रम में योग दिवस पूरे सौहार्द और आनंदपूर्वक मनाया गया। योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करते हुए विश्व संवाद परिषद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंडियन योग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगाचार्य डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की योग जीवन का आधार है, यदि हम अपने खान-पान और रहन-सहन पर ध्यान रखते हुए प्रतिदिन योग प्राणायाम का अभ्यास करें तो हम हमेशा स्वस्थ एवं प्रसन्न रह सकते हैं। आज के समय में तमाम प्रकार के रोग हो रहे हैं जिनका मेडिकल साइंस में कोई इलाज नहीं है। इसका कारण है असंतुलित आहार, असमय भोजन, अनियमित दिनचर्या, प्रदूषित वातावरण, असंयमित विचार। योगासन के द्वारा हम शारीरिक रूप से स्वस्थ हो जाते हैं जिनको कंप्यूटर की भाषा में हार्डवेयर कह सकते हैं और प्राणायाम से हम आंतरिक रूप से ठीक हो जाते हैं जिनको सॉफ्टवेयर कह सकते हैं। वही अखंड भारत चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अर्चना दुबे ने एक्यूप्रेशर के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्याख्यान दिया आज एक एक्यूप्रेशर द्वारा तमाम जटिल से जटिल रोगों की चिकित्सा की जा सकती है। इसकी सेवाएं सच्चा बाबा आश्रम में प्रतिदिन निशुल्क ली जा सकती हैं। इंडियन योगा एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर उत्तर प्रदेश पूर्व जोन के अध्यक्ष डॉ नवीन सिंह द्वारा कई जगहों पर योग के कार्यक्रम हो रहे हैं ।इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष इं रवि भूषण गुप्ता, संत कुमार वर्मा, राजेश सुमन अनुपम शुक्ला, सरिता पटेल, मनीष सिंह, अरुण अभिषेक, बृजेश, राम निरंजन, शमशेर पटेल, सहित आश्रम के बच्चे एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूर्णतया सफल रहा।

### स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : पुलिस आयुक्त



**प्रयागराज।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, यमुनानगर एवं अपराध सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान स्वस्थ जीवन, तनावमुक्त कार्यशैली और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। योग दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने नियमित योगाभ्यास कर स्वयं को स्वस्थ रखने तथा समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, 24 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति



**सोरांव।** थाना क्षेत्र के शिवगढ़ चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एचटी लाइन का विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब 24 घंटे तक बाधित रही। भीषण गर्मी के बीच बिजली न मिलने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, शिवगढ़ चौराहे के पास स्थित विद्युत पोल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। पोल टूटने के कारण आसपास के गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना मिलने पर अवर अभियंता शैलेंद्र यादव की अगुआई में विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी अमित सिंह, श्याम सिंह तथा आशाराम मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पोल को हटा कर नए विद्युत पोल लगाकर सोमवार देर शाम बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। हालांकि लगभग 24 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित रही। गर्मी के कारण उपभोक्ताओं को पेयजल और अन्य आवश्यक कार्यों में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिवगढ़ चौराहे पर अवैध रूप से बालू मंडी संचालित होती है। उनका कहना है कि बालू ढोने वाले किसी डंपर ने ही पोल में टक्कर मारी होगी, जिससे यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध बालू मंडी पर कार्रवाई की मांग की है।

## भारतगंज में ताजिया जुलूस मार्ग पर सौहार्द की मिसाल : 24 साल पहले पेड़ की डालियों पर जालियां लगाकर सुलझा विवाद

अखंड भारत संदेश





**मांडा।** कस्बा भारतगंज में पिछले दो दशकों से सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की एक अनूठी मिसाल कायम है। यहां मोहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस के मार्ग में स्थित एक नीम के पेड़ की शाखाएं वर्षों तक प्रशासन और दोनों समुदायों के लिए चिंता का विषय बनी हुई थीं।यह पेड़ ताजियों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करता था, जिससे हर साल तनाव की स्थिति पैदा होने की आशंका रहती थी। इस समस्या का स्थायी समाधान खोजना आवश्यक था ताकि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकल सकें।

वर्ष 2002 में तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष तजम्मुल हुसैन उर्फ मास्टर ने इस समस्या का एक अभिनव समाधान सुझाया। उन्होंने अधिकारियों और दोनों समुदायों के प्रमुख लोगों के सामने प्रस्ताव रखा कि पेड़ के चारों ओर लोहे के खंभों पर जालियां लगाई जाएं।

इस व्यवस्था से ताजिया जुलूस बिना किसी बाधा के निकल सकेगा और पेड़ को भी कोई नुकसान नहीं होगा। तत्कालीन वार्ड सभासद जितेंद्र केशरी की देखरेख में ये जालियां लगाई गईं। इस पहल को दोनों समुदायों और प्रशासन ने तुरंत स्वीकार कर लिया।

परिणामस्वरूप, तब से लेकर आज तक सभी बड़ी और छोटी ताजियां बिना किसी व्यवधान के निर्धारित मार्ग से निकलती आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दूरदर्शी पहल ने न केवल एक पुरानी समस्या का समाधान किया, बल्कि कस्बे पर लगा 'संवेदनशील क्षेत्र' का ठप्पा भी काफी हद तक समाप्त कर दिया।पिछले 24 वर्षों से यह व्यवस्था सामाजिक समरसता, आपसी विश्वास और सौहार्द का प्रतीक बनी हुई है। मोहर्रम के अवसर पर एक बार फिर ये जालियां चर्चा में हैं, जिन्हें लोग भारतगंज की गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बता रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर टंकी ने कहा कि संवाद, समझदारी और सहयोग की भावना से हर जटिल समस्या का समाधान संभव है, और भारतगंज की जालियां इसका सशक्त प्रमाण हैं।

## शुभलेश्वर महादेव मंदिर रामनगर एवं राम जानकी मंदिर सहसों में स्वच्छता अभियान के पश्चात लोगों ने किया योग

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर योग, स्वच्छता और आध्यात्मिक जागरूकता का अनूठे संगम के साथ शुभलेश्वर महादेव मंदिर मेडुवा रामनगर तथा राम जानकी मंदिर सहसों में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया। शुभलेश्वर महादेव मंदिर मेडुवा रामनगर के प्रांगण में स्थानीय लोगों ने पहले सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। इसके बाद स्वच्छ वातावरण में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिवाकांत पांडे ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने की जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि शारीरिक योग शरीर को स्वस्थ बनाता है, जबकि आंतरिक योग आत्मा को शुद्धता और शांति प्रदान करता है। उन्होंने ह्ययोगः कर्मसु कौशलम्ह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि कुशलता एवं श्रेष्ठता के साथ किया गया कर्म ही वास्तविक योग है, जो मनुष्य को उत्कृष्ट जीवन की ओर अग्रसर करता है।

वहीं श्री राम जानकी मंदिर सहसों परिसर में योगाचार्य पुरुषोत्तम दास ने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसनों एवं ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि योग बुद्धि, शरीर, नैतिकता और आत्मा के समग्र विकास का माध्यम है। योग व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर जीवन को आनंदमय बनाता है तथा जीव को शिव और नर को नारायण से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, भाजपा गंगापार के नमामि गंगे जिला संयोजक राजधर द्विवेदी, रामचंद्र केसरवानी, बृजेश केसरवानी, विनोद कुमार सोनी, शिव बाबू गुप्ता, मनोज तिवारी, ओंकार नाथ पांडे, विनय, विवेक, शिव कुमार, शिवहरे, लव कुश सहित अनेक लोगों ने योगाभ्यास एवं ध्यान सत्र में भाग लेकर विभिन्न योगासन सीखे। योग दिवस के इस आयोजन ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## योग अपनाओ, तनाव भगाओ : एसीपी अरुण पाराशर



**थरवई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर थाना थरवई परिसर में रविवार को योग और अनुशासन का संगम देखने को मिला। एसीपी थरवई अरुण पाराशर के नेतृत्व में पूरे थाना स्टाफ ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। इस मौके पर समस्त उपनिरीक्षक, आरक्षी और महिला पुलिसकर्मी पूरे जोश के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत प्राणायाम और सूक्ष्म व्यायाम से हुई। इसके बाद ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शवासन सहित कई सामान्य और लाभकारी योगासनों का अभ्यास कराया गया। परिसर में योग से निरोग और योग अपनाओ, तनाव भगाओ जैसे नारों से माहौल ऊर्जावान बना रहा। कार्यक्रम के दौरान एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने कहा कि पुलिस की ड्यूटी स्वाभाविक रूप से तनावपूर्ण होती है। लगातार बदलती शिफ्ट, आपातकालीन स्थिति और सामाजिक दबाव के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे में योग न केवल शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, बल्कि मन को शांत और एकाग्र भी करता है। उन्होंने कहा, एक स्वस्थ पुलिसकर्मी ही समाज को बेहतर सुरक्षा दे सकता है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर हम अपनी कार्यक्षमता और निर्णय लेने की क्षमता दोनों बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि योग का उद्देश्य सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है जो अनुशासन, संयम और आत्मनियंत्रण सिखाती है। पुलिस सेवा में ये तीनों गुण अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास का संकल्प दिलाया गया। थरवई थाने का यह आयोजन स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बना। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब वदीर्धारी खुद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे, तो समाज में भी सकारात्मक संदेश जाएगा।

## पुलिस एनकाउंटर में भरत तिवारी की मौत पर ब्राह्मण समाज का आक्रोश, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

**सहसों।** भोजपुर जिले के बिलौटी गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भारत भूषण तिवारी उर्फ भरत तिवारी की पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत को लेकर नवयुवक ब्राह्मण समाज ने कड़ी नाराजगी जताई है। रविवार को गारापुर स्थित संगठन के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में इस घटना को वर्दी की आड़ में किया गया प्रशासनिक अपराध बताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र एवं नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक-अध्यक्ष पं. लवकेश मिश्र ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से स्पष्ट होता है कि भरत तिवारी ने फेसबुक लाइव के दौरान अपना हथियार फेंककर आत्मसमर्पण कर दिया था। ऐसे में आत्मसमर्पण के बाद पुलिस द्वारा बल प्रयोग किए जाने पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि मामले की केवल न्यायिक जांच पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने का अधिकार है और पुलिस को कानून से ऊपर जाकर निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या लोकतंत्र में पुलिस जज, जूरी और एक्जीक्यूशनर की भूमिका निभा सकती है? संगठन ने मांग की कि घटना में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, सुरक्षा और न्याय प्रदान किया जाए तथा उनके विरुद्ध दर्ज कथित झूठे मुकदमों को वापस लिया जाए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केवल चार पुलिसकर्मियों का निलंबन पर्याप्त नहीं है और इससे मामले की गंभीरता कम नहीं होती। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन और तेज करेगा। वक्ताओं ने कहा कि न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई आवश्यक है।

बैठक में प्रमोद शुक्ला, विजय तिवारी, अनुराग मिश्रा, राजमणि शुक्ला, कमलाकांत शुक्ला, पंकज मिश्रा, शेषमणि तिवारी, सूर्यमणि पांडेय, आशीष शुक्ला, पंकज शुक्ला, विनय कुमार, विवेक कुमार और किशन शुक्ला, प्रवेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में समाज के आदि लोग उपस्थित रहे।

## चार दिन से लापता अधेड़ का सुभाष गांव के खेत में मिला शव

**पसना प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के सुभाष गांव में चार दिन से लापता अधेड़ का रविवार को सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक सुरेश प्रसाद (55) पुत्र स्वर्गीय श्यामा निवासी चपरो थाना खीरी का गत 17 जून को गांव के ही विकास व आशीष पुत्रगण सेवालाल, कमलेश पुत्र जटाशंकर व शर्मिला देवी पत्नी सेवालाल से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। उसी दिन से सुरेश लापता हो गया था। जिसकी परिजन काफी खोजबीन कर रहे थे लेकिन उसका कुछ कहीं अता - पता नहीं चल पा रहा था। रविवार को सुबह घर से 500 मीटर दूर सुभाष गांव के एक खेत में उसका शव पड़ा मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। शव स्थल पर ही परिजन गांव के ही लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। शव मिलने की सूचना पर एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय थाना प्रभारी खीरी कृष्ण मोहन सिंह, थाना प्रभारी कोरांव सत्येंद्र कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर रविवार को दोपहर में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय ने परिजनों को नियमानुसार विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। मृतक के दो बेटे कमलेश व राज कुमार हैं। जिनकी शादी भी हो गई है। पत्नी निर्मला देवी के द्वारा कोरांव पुलिस को गत 17 जून को मृतक के साथ मारपीट करने वाले लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी गई है। पत्नी ने तहरीर में बताया है कि मारपीट के दौरान 1200 रुपए नकद व मोबाइल फोन भी मृतक का छीन लिया गया था। मामले में थाना प्रभारी कोरांव सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी के द्वारा तहरीर दी गई है। जिसके आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है।

## असवां गांव की मकदुम्मा पहाड़ व मोर बचाओ अभियान पर धरना शुरू



**बारा प्रयागराज।** असवा मकदुम्मा पहाड़ के संरक्षण और राष्ट्रीय पक्षी मोर की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को असवां गांव में धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के उपजिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय के समर्थन में समाजवादी पार्टी के नेता राजू पासी भी स्थल पर पहुंचकर बैठे धरना का भरपूर समर्थन किया।मकदुम्मा पहाड़ को खनन कटान से बचाया जाए और राष्ट्रीय पक्षी मोर के आवास-प्रजनन स्थल को सुरक्षित रखा जाए आंदोलनकारियों का कहना है कि मकदुम्मा पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन/पत्थर कटान से पहाड़ क्षतिग्रस्त हो रहा है। इससे मोर समेत वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास उजड़ रहा है। मोर राष्ट्रीय पक्षी है, उसकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। आंदोलनकारियों की चेतावनी ऋषि पांडेय ने कहा कि जब तक प्रशासन पहाड़ बचाने और मोर संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाता, तब तक धरना जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।राजू पासी ने कहा कि पर्यावरण और वन्यजीव बचाना सबकी जिम्मेदारी है। सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।प्रशासन से मांग,मकदुम्म पहाड़ क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए अवैध खनन/कटान पर तुरंत रोक लगे मोर के लिए वाटर होल और सुरक्षित जोन बनाए जाएं।धरने पर बबलू मिश्रा महेंद्र पांडेय शैलेंद्र शुक्ला राम भवन मिश्रा सुंदर मिश्रा मुखिया पासी मनोज पासी डॉ राजकुमार सियाराम पासी सोनू पासी हनुमान पासी लाला पासी राकेश पासी अनिल उर्फ बबलू पासवान मोहन पासी मसूरियादिन पासी रामसजीवन ननके पासी महेंद्र पासी राधेश्याम पार्वती देवी सविता इंद्रावती प्रभावती सुनीता देवी सुशीला देवी निर्मला देवी,अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 157 जोड़े बने हमसफर

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** समाज कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को मेवालाल इंटर कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोरांव, भगवतपुर, होलागढ़, कौड़िहार, मऊआइमा और श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के कुल 157 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है। इससे बेटियों के विवाह में आने वाली आर्थिक कठिनाइयों को कम करने में मदद मिल रही है।

विवाह संस्कार पूर्ण होने के बाद सभी नवदंपतियों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा शासन की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में परिजनों और क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही।



नवदम्पत्ति को प्रमाण पत्र देते एमएलसी सुरेंद्र चौधरी संग ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी, खंड विकास अधिकारी सोरांव सुभाष गौतम, खंड विकास अधिकारी कविता तिवारी, एडीओ पंचायत सुरेंद्र यादव, एडीओ समाज कल्याण राकेश यादव समेत सभी संबंधित ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लामबंद अधिवक्ताओं ने एसडीएम से बात कर राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की रखी बात

## बीते 19 जून को राजस्व निरीक्षक और अधिवक्ता के बीच हुई झड़प का मामला

**पसना।** कोरांव तहसील में सोमवार को बार संघ के मुखिया राम बहादुर सिंह और मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल के नेतृत्व में लामबंद अधिवक्ताओं ने एसडीएम संदीप तिवारी के ऑफिस में उनसे मुलाकात करते हुए राजस्व निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने को लेकर उनसे वार्ता की। जिस पर एसडीएम संदीप तिवारी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि आपका भी मुकदमा निश्चित रूप से दर्ज किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो हम सब आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बता दे कि बीते 19 जून को राजस्व निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह और अधिवक्ता उमेश द्विवेदी के बीच हकबंदी की पत्रावली को लेकर झड़प हुई थी। जिसमें राजस्व निरीक्षक ने



अधिवक्ता उमेश द्विवेदी के ऊपर सरकारी दस्तावेज फाड़ने, गाली गलौज करने और जूते से मारने का आरोप लगाते हुए कोरांव थाने पर मुकदमा दर्ज करा दिया था। वही अधिवक्ता उमेश द्विवेदी के आरोपों पर गौर करे तो उन्होंने बताया कि पहले राजस्व निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने उनके साथ बदसलूकी करते हुए गाली गलौज कर उनके साथ मारपीट की थी। और उन्होंने भी 20 जून को कोरांव थाना पर उक्त राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किए जाने के बाबत तहरीर दी थी। लेकिन अधिवक्ता का मुकदमा दो दिन बाद भी पंजीकृत नहीं किए जाने पर सोमवार को लामबंद अधिवक्ताओं ने बार संघ के मुखिया राम बहादुर सिंह और मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल की अगुवाई में एसडीएम संदीप तिवारी से वार्ता कर हर हाल में राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग की। जिसके लिए बार संघ के मुखिया ने उपरोक्त मामले को लेकर पीड़ित अधिवक्ता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर एसडीएम संदीप तिवारी को बार कार्यालय से पत्रक जारी किया है। वार्ता के दौरान अध्यक्ष राम बहादुर सिंह,मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित बाल गोबिंद पाण्डेय, ललन कुमार तिवारी, उमाकांत तिवारी, विनीत मिश्रा, राजू दुबे, शेखर द्विवेदी, रवि प्रकाश तिवारी, शेखर द्विवेदी, श्री कांत मिश्रा के अलावा सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता शामिल थे। वही एसडीएम संदीप तिवारी के साथ नायब तहसीलदार राममूर्ति भी उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आराध्या शुक्ला को किया सम्मानित

**श्रीलंका में तीन स्वर्ण, एक रजत जीतकर बढ़ाया प्रयागराज का गौरव**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सलोरी स्थित स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय शुक्ला के आवास पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को पहुंचे और उनकी पुत्री आराध्या शुक्ला को सांस्कृतिक उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर की कक्षा 10 की छात्रा आराध्या ने हाल ही में श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक ओलम्पियाड में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर विद्यालय, परिवार, उत्तर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने आराध्या को स्मृति-चिह्न एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद जी ने कहा कि युवा प्रतिभाएँ देश की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय नागरिकों ने भी आराध्या की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# मामूली विवाद में मारपीट के साथ की तोड़फोड़, मुकदमा

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के दिघिया निवासी आशीष कुमार यादव ने तहरीर देकर बताया कि रविवार रात साढ़े आठ बजे भुक्तभोगी के परिवार के ही राजेश कुमार,सुनील कुमार यादव और सूरज कुमार यादव एक राय होकर लाठी डंडा लेकर आए और गालियां देते हुए दरवाजे पर चढ़ आये तथा भुक्तभोगी लात-घुसो से मारने लगे ' भुक्तभोगी ने बताया कि 18 जून को परीक्षा देने बाहर गया हुआ था तो उपरोक्त लोगों ने विधवा मां को गाली देते हुए घर के अन्दर खड़ी साइकिल व तखत को तोड़ दिया था ' वही भुक्तभोगी ने मांडा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था ' उक्त घटना के सम्बन्ध में मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# प्रदेशभर में प्रशिक्षण एवं कोचिंग केंद्रों के निरीक्षण की मांग

## लखनऊ में कोचिंग संस्थान में हुए अग्निकांड पर देवाशीष श्रीवास्तव ने जताया गहरा दुःख

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी राजधानी लखनऊ में एक कोचिंग संस्थान में हुए भीषण अग्निकांड की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे पर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू -जीकेवाई) केंद्र के व्यवस्थापक देवाशीष श्रीवास्तव ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए पीड़ितों एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान युवाओं के भविष्य निर्माण के केंद्र होते हैं। ऐसे स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। लखनऊ में कोचिंग संस्थान में लगी आग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता से कार्य करने की



आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में निजी कोचिंग संस्थान, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, कौशल विकास केंद्र एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई संस्थानों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में भविष्य में भी गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। देवाशीष श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन तथा संबंधित विभागों से मांग की है कि प्रयागराज सहित पूरे प्रदेश में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों, प्रशिक्षण केंद्रों एवं कौशल विकास केंद्रों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है अथवा जो निर्धारित नियमों के विपरीत संचालित किए जा रहे हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण एवं कोचिंग संस्थान में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकासी व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा जांच, भवन सुरक्षा प्रमाणन तथा नियमित मॉक ड्रिल अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। इससे किसी भी आपात स्थिति में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी संस्थान की सफलता केवल उसके शैक्षणिक परिणामों से नहीं, बल्कि वहां उपलब्ध सुरक्षित वातावरण से भी मापी जाती है। उन्होंने सभी संस्थान संचालकों से भी अपील की कि वे सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करें और समय-समय पर अपनी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते रहें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस गंभीर विषय पर आवश्यक कदम उठाएगी और प्रदेशभर में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाकर विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# किशोरी के गायब होने पर मुकदमा दर्ज

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग किशोरी के पिता ने तहरीर देकर के बताया कि मेरी बेटी जिसकी उम्र लगभग 15 वर्ष रविवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से गायब हो गई ' पिता ने बेटी की खोजबीन रिस्तेदारी व गांव के आसपास तथा बाजार आदि स्थानों पर काफी किया लेकिन बेटी का कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने सोमवार को मांडा थाना में मुकदमा पंजीकृत कराया है ' मांडा थाना इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही किशोरी का पता लगाया जाएगा।

# मेजा विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय कार्यालय का किया भव्य उद्घाटन

**मेजा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ने अपना नया क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया है। इस कार्यालय का उद्देश्य पार्टी के जनाधार को बढ़ाना और जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को एकजुट करना है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पार्टी के वरिष्ठ नेता बबलू कुशवाहा रहे। उन्होंने बताया कि इस नए कार्यालय से मेजा की स्थानीय जनता और पार्टी कार्यकताओं को अपनी समस्याएं रखने तथा संगठन के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए एक केंद्र मिल गया है। उद्घाटन समारोह में समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी जिसमें पंचू लाल निषाद और मेजा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्यामकृष्ण पप्पू यादव शामिल रहे। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

इसके अतिरिक्त, सुरेश चन्द्र यादव, काशीनरेश, शिवकैलाश, प्रमिल यादव जिला पंचायत सदस्य, और सना उल्लाह खान जैसे कई और दिग्गज



नए क्षेत्रीय कार्यालय के उदघाटन के दौरान उपस्थित सपाई

नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्रीय कार्यालय मेजा क्षेत्र में समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक बबलू कुशवाहा ने सभी उपस्थित अतिथियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस कार्यालय के माध्यम से जनता की निरंतर सेवा की जाएगी और संगठन का विस्तार तेजी से होगा। इस मौके पर उपस्थित राकेश यादव ,संजय कुशवाहा प्रधान, दिलदार अली राम जी यादव, शिव शंकर वर्मा रामप्रसाद बिंद,दिलीप विश्वकर्मा फूलचंद प्रजापति, तेज बहादुर निषा,विनय बिंद ,प्रमोद बिंद संगम लाल भारतीय,शिव

कैलाश यादव काशी प्रसाद यादव दिलदार अली, अश्वनी सिंह विश्वनाथ पाठक ,प्रधान अमिलिया ,भोला सिंह दीवाना राम सागर कुशवाहा नेबु लाल कुशवाहा रामचंद्र कुशवाहा कमल पाल तथा अमर बहादुर यादव आदि के अलावा कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जमीन की पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम पर हमला



**करछना।** थाना क्षेत्र के गंधियाव गांव में सोमवार को दोपहर राजस्व टीम प्रेमचंद मौर्या की जमीन की पैमाइश करने के लिए पहुंची थी। इस दौरान नायब तहसीलदार संध्या गोस्वामी और राजस्व कर्मियों के साथ विपक्षियों के द्वारा हमला बोल दिया गया। जिसमें लेखपाल के साथ मारपीट की गई और उसकी बाइक को तोड़ दिया। वही प्रेमचंद के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस और एसडीएम करछना पहुंचे हैं। जानकारी अनुसार गांव निवासी प्रेमचन्द मौर्या ने अपनी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था जिसको लेकर वह तहसील में शिकायत दर्ज कराई थी जिसको लेकर राजस्व टीम उक्त भूखंड की पैमाइश करने पहुंची थी, पैमाइश के दौरान कब्जा धारकों ने राजस्व टीम पर हमला कर दिया और बाइक तोड़ डाली और धार दार हथियार से प्रेमचंद के उपर वार कर घायल कर दिया, सूचना पाकर पहुंचे एसडीएम तपन मिश्रा पुलिस बल के साथ घटना स्थल का जायजा लिया और आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# ट्रेनिंग पूरी कर अग्निबीर सैनिक बन घर लौटे कठौली के लाल शिवम का हुआ भव्य स्वागत

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** देश सेवा का जज्बा लिए ट्रेनिंग पूरी कर अग्निबीर सैनिक बन घर वापसी होने पर कठौली के लाल शिवम प्रजापति का डीजे और गाजे बाजे की बुलंद आवाज में निकलती राष्ट्रीय गीतों की धुन पर झूमते नाचते लोगों द्वारा माल्यार्पण कर गांव में भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया।

उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के कठौली गांव निवासी तीरथ कुमार प्रजापति का होनहार पुत्र शिवम प्रजापति का बीते जनवरी माह में अग्निबीर सैनिक के रूप में चयनित हुआ और बंगलौर में छः माह की कड़ी ट्रेनिंग पूरी कर सोमवार को घर लौटने पर पूर्व से तैयारी कर इंतजार कर रहे परिवार और गांव के लोगों द्वारा शिवम प्रजापति का फूल मालाओं से विधिवत स्वागत एवं अभिनंदन हुआ। इस दौरान सेना की वर्दी में शिवम को पूरे गांव का भ्रमण भी कराया गया। हर गांव वासी ने शिवम को दिल से दुआएं और सच्चे मन से देश सेवा का आशीर्वाद भी दिया। गौरतलब है कि तीरथ कुमार प्रजापति के चार लड़कों और इकलौती बेटी खुशी के बीच शिवम तीसरे नंबर का पुत्र है। बेटे के देश सेवा लिए चयनित होने पर पिता तीरथ कुमार व माता चंद्रकली को बेहद फक्र है। शिवम के घर आने की खुशी में जहां पूरे गांव के लोगों का मुंह मीठा कराया गया वहीं बेटे के अग्निबीर सैनिक बनने पर परिवार में



अग्निबीर सैनिक बन घर लौटने पर शिवम प्रजापति का स्वागत अभिनन्दन करते परिजन और ग्रामीण

जश्न का माहौल है। स्वागत अभिनन्दन के इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मुंशी लाल प्रजापति, सत्यम प्रजापति, सुधांशु प्रजापति, अमित कुमार, अजय कुमार, रविन्द्र कुमार, राहुल प्रजापति, टीएन प्रजापति, प्रिंस, विनीत और विपिन आदि के अलावा कई अन्य ग्रामवासी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शिक्षा है विकास की कुंजी देश से गरीबी भगाना है तो बच्चों को पढ़ाना ही पड़ेगा : न्यायमूर्ति वीके सिंह

## मेजा के नेवढ़िया में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों बीच नवनिर्मित एसआरआरवी पब्लिक स्कूल का हुआ भव्य उद्घाटन,कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी ग्रुप के गायक कलाकार प्रशांत प्रियदर्शी ने मचाया धमाल

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा दीक्षा उपलब्ध कराने हेतु कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में उनके भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में ऊंची सोच का संकल्प लिए क्षेत्र के नेवढ़िया गांव के महान व्यक्तित्व राजेंद्र प्रसाद सिंह और उनके तीन पुत्रों ने गांव में नवनिर्मित एसआरआरवी पब्लिक स्कूल की स्थापना कर न केवल क्षेत्र के नौनिहालों को उत्कृष्ट शिक्षा का देने की नई शुरूआत की है बल्कि इस दिशा में उल्लेखनीय पहल कर एक बड़ा और सराहनीय कार्य किया है जिसका भव्य उद्घाटन रविवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रयागराज उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया।









तत्पश्चात स्कूल की नन्ही छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की गई जिसकी कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जमकर प्रशंसा किया। इस दौरान वक्ताओं ने स्कूल के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में उनके लड़कों गुड्डू सिंह,गज्जू सिंह और श्यामकृष्ण (लल्ला सिंह) द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्य की जमकर तारीफ किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि एडीएम प्रशासन उपमा पांडेय के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थी संगीत ग्रुप के मशहूर गायक प्रशांत प्रियदर्शी और उनके वादन गायक दादा ठाकुर (शैलानी सिंह), वादक कृष्णा शर्मा,रवि अकेला,पिंटू प्यारे, सहसराम और विजय कुमार ने अपनी गायकी से कार्यक्रम में जमकर जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों,स्कूल प्रबंधतंत्र, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं का आभार जताते हुए मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने कहा कि इस विद्यालय का बच्चा देश और प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का नाम रोशन करेगा। न्यायमूर्ति ने आगे कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है और बच्चे देश के कर्णधार हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी भगाना है तो बच्चों को पढ़ना ही पड़ेगा क्योंकि पढ़ेंगे बच्चे तो आगे बढ़ेंगे बच्चे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के सौंदर्यीकरण,साफ सफाई और अनुशासन की जमकर प्रशंसा किया। इस मौके पर डीपीआरओरवि शंकर द्विवेदी,हंडिया न्यायिक एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव, स्कूल की प्रिंसिपल रूही परवीन, प्रीती सिंह,साक्षी सिंह, क्षमा मिश्रा, नीलम पटेल,पिंकी गुप्ता,सुशीला पाल,सोनाक्षी मिश्रा, जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया), ई नित्यानंद उपाध्याय,पप्पू उपाध्याय,पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ला,योगेंद्र सिंह,मनीष तिवारी,शेषमणि शुक्ला आदि के स्कूल प्रबंधन परिवार के सभी लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शशि द्विवेदी ने किया।-----------

# गोसेवा आयोग सदस्य की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की गौशालाओं की व्यवस्थाओं, गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा के शिव प्रकाश मिश्र सेनानी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ईओ नगर पंचायत कटरा मेंदनीगंज, ईओ नगर पंचायत पट्टी व अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अनुपस्थित पाये गये जिस पर गोसेवा आयोग के सदस्य ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित का वेतन रोकने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 राम शब्द ने बताया कि जनपद में कुल 75 गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 59 अस्थायी गो-आश्रय स्थल, 2 कांजी हाउस, 8 वृहद गो-संरक्षण केंद्र तथा 6 कान्हा गौशालाएं शामिल हैं। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दो गौशालाओं में अभी तक सीसीटीवी कैमरे स्थापित नहीं किए गए हैं। इस पर गोसेवा आयोग के सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगा दिये जाये। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में अब तक 2426 गोवंश लाभार्थियों को सुपुर्द किए जा चुके हैं तथा अप्रैल 2026 तक की अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है। इस पर गोसेवा आयोग के सदस्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रत्येक माह गौशालाओं का भ्रमण कराया जाए। भ्रमण के दौरान बच्चों को गोवंशों को गुड़ एवं रोटी खिलाने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उनके भीतर पशु संरक्षण और गौसेवा के संस्कार विकसित हो सकें। सदस्य ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गौशालाओं में चारा, भूसा, पानी, चूनी-चोकर तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की स्वच्छ एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गोवंशों के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### आधी रात परिवार पर हमला, तीन लोग जख्मी

**कुंडा।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने आधी रात को परिवार पर लाठी से हमला कर दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर देख सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। नवाबगंज थानाक्षेत्र के डीह जनवामऊ गांव निवासी शौकत का गांव के ही कुछ लोगों से रंजिश चल रही है। उसी रंजिश में विपक्षियों ने 21 जून की आधी रात को उसके घर पर हमला कर दिया। लाठी से हमले में शौकत की पत्नी रायसा बानो,के अली हसन की पत्नी शाबाना, शौकत का बेटा अलीहसन गंभीर रूप से घायल हो गया।शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो वह लोग जान से मारने की धमकी देतेई भाग निकले। किसी ने यूपी 112 पर फोन किया तो पुलिस पहुंची। घायलों को इलाज को सीएचसी लाए। प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल शौकत के बेटे मेंहदी की तहरीर पर कय्यूम, कमर खां, फैसल खां, अरशद खां, राशिद खां, तय्यबा, दरक्शा और सालिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ संतोष सिंह का कहना है कि हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### राहगीरों को पिलाया गया शरबत




**प्रतापगढ़।** ओम सतगुरु दत्तात्रेय सेवा संस्थान कार्यालय पूरे बसहू, रानीगंज में राहगीरों के शरबत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों व जनमानस को शीतल शरबत पिलाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण किया गया एवं पौधारोपण जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उपस्थित सतगुरु महाराज के भक्तों ने शपथ लिया कि सभी भक्तगण एक-एक पौधे अपने घर के आसपास रोपित करेंगे। सदगुरु महाराज ने कहा की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जैसे मानव सेवा वैसे ही पशु पक्षियों की सेवा करना चाहिए क्योंकि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जैसे वृक्ष चिलचिलाती धूप में धूप सह करके हमें छांव देते हैं वृक्षों को रोपित करना और सेवा करना हमारा आपका परम कर्तव्य है। हमारे आपके जीवन में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान राम अकबाल, कबाल पांडे, डॉक्टर सत्यप्रिया आजाद, डॉक्टर रामसुंदर प्रजापति, कमलाकांत त्रिपाठी, डॉक्टर उदय नारायण दुबे, राजेश शुक्ला, लल्लन तिवारी, दयाशंकर तिवारी, दया शंकर विश्वकर्मा, लवकुश पटेल व अन्य महिला पुरुष भक्त उपस्थित रहे।

### ईरिक्शा में छूटा महिला का बैग, पुलिस ने खोज कर लौटाया




**प्रतापगढ़।** गड़वारा बाजार में खरीददारी को आई एक महिला का बैग ई-रिक्शा में छूट गया। बैग में 1200 रुपये, मोबाइल व कपड़े रखे थे। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बैग को खोज लिया और महिला को सौंप दिया। अंतू के मंगापुर निवासी अनवर अली की पत्नी चांदनी सोमवार की दोपहर ई-रिक्शा से गड़वारा बाजार खरीददारी करने आई थी। लेकिन उनका एक बैग ई-रिक्शा में ही छूट गया। कुछ देर बाद बैग की याद आने पर उन्होंने खोजबीन की। पता न चलने पर चांदनी ने गड़वारा पुलिस चैकी पहुंचकर चैकी प्रभारी सचिन यादव को आपबीती बताई। महिला ने बताया कि बैग में 1200 रुपए, मोबाइल व कपड़े रखे थे। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आखिरकार पुलिस को सफलता मिल गई। पुलिस ने बैग खोज कर चांदनी को सौंप दिया। बैग में सभी सामान सुरक्षित मिलने पर चांदनी ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। चैकी प्रभारी ने बताया महिला का बैग ई-रिक्शा में छूट गया था। महिला को सभी सामान सहित बैग सुपुर्द कर दिया गया है।

### दो कारों की भिडंत में चालक घायल



**कुंडा।** महेशगंज बाजार के समीप सोमवार को दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दोनों कारों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही महेशगंज थाना अध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज भिजवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जिले के लंभुआ क्षेत्र से कौशांबी स्थित कड़ा धाम दर्शन के लिए जा रही आर्टिगा कार में छह लोग सवार थे। वहीं फिरोजाबाद जिले से कुंडा होते हुए डेरवा बाजार में व्यापारिक कार्य से जा रही औरा कार में चार लोग सवार थे। दोनों वाहन तेज गति से विपरीत दिशा में आ रहे थे कि अचानक आमने-सामने आ जाने के कारण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारों के बोनट, इंजन और अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में आर्टिगा कार के चालक शिवकुमार तथा औरा कार के चालक मनोज कुमार अग्रवाल को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया। महेशगंज थाना अध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी ने बताया, दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालकों को चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को सीएचसी महेशगंज भेज दिया गया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है ।पुलिस का मानना है कि तेज रफ्तार एवं लापरवाही हादसे का मुख्य कारण है। दुर्घटना के कारण महेशगंज बाजार मार्ग पर कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

### किशोरी को जहरीले जंतु ने काटा, हालत गंभीर

**कुंडा।** हथिगवां थानाक्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी कमलेश सरोज की 17 वर्षीय बेटी कविता सरोज रविवार रात करीब 10 बजे घर में काम कर रही थी। तभी किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। थोड़ी देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो घबराए परिजन उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कुंडा।** महेशगंज थानाक्षेत्र के बाबा का पुरवा गरीबपुर गांव निवासी निशा यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2021 में महेन्द्र कुमार यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालवाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। उसके पिता ने तीन वर्ष पहले एक मैजिक भी अपने नाम से निकलवाकर दिया। उसके बावजूद 17 जून की रात करीब 10 बजे ससुरालवालों ने उसे पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता निशा देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति महेन्द्र कुमार यादव, ससुर पारस नाथ यादव, सास फूलकली के खिलाफ केस दर्ज किया।

## दुर्लभ कछुए बरामद, पुलिस में चंगुल से भाग निकले तस्कर



**कुण्डा।** वन्यजीव तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हथिगवां पुलिस और वन विभाग ने नौ दुर्लभ कछुए बरामद किए हैं। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गया। तस्करी के लिए ले जाए जा रहे इन कछुओं को बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान तस्कर अपनी पल्सर बाइक छोड़कर भाग निकला। पुलिस की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी कछुओं को अपने कब्जे में लिया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बरामद कछुए संरक्षित श्रेणी के इंडियन सॉफ्ट शेल प्रजाति के हैं। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत इनकी तस्करी और अवैध परिवहन एक गंभीर अपराध है ।वन विभाग ने बरामद कछुओं और बाइक को जब्त कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि इन कछुओं को अवैध रूप से किसी अन्य स्थान पर ले जाया जा रहा था। तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। वन विभाग के अनुसार, सभी कछुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद इन्हें इनके प्राकृतिक आवास गंगा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा।

### बदलते मौसम में बढ़ी मरीजों की संख्या, सीएचसी पट्टी में रोज पहुंच रहे सैकड़ों मरीज

**पट्टी।** बदलते मौसम के चलते बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। पट्टी स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़कर करीब 450 के आसपास पहुंच गई है। अस्पताल में इन दिनों सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, सांस लेने में परेशानी और त्वचा संबंधी संक्रमण के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश जायसवाल ने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। तेज गर्मी और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण लोग वायरल बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कई प्रकार के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें बुखार, खांसी, सांस की समस्या और चेहरे पर इंफेक्शन की शिकायत वाले मरीजों की संख्या अधिक है। चिकित्सक ने लोगों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि साफ-सफाई का ध्यान रखें, धूप और गर्मी से बचें तथा किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लें।

## कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी



**प्रतापगढ़।** किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 के तहत जनपद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतो में कृषि संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीकों, प्राकृतिक खेती तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड सण्डवा चन्द्रिका के ग्राम सभा सरुवांवा, विकास खण्ड़ लक्ष्मणपुर की ग्राम सभा सूखनपुर व पुरनपुर खजूर एवं विकास खण्ड़ बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्रामसभा सराय गनई पूरे पाण्डेय में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ, एम0पी0 सिंह, यतेंद्र कुमार, डॉ. एन.के. सिंह एवं पी.के. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, उत्पादन लागत कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। विशेषज्ञों ने बीज शोधन, भूमि परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग, हरी खाद के उपयोग तथा जैव उर्वरकों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही फसलों को रोगों एवं कीटों से बचाने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों का फार्मर रजिस्ट्रीकरण भी कराया गया तथा उन्हें कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

## ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल के माध्यम से अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं




**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद की 04 ग्राम पंचायतों में रविवार को आयोजित रात्रि चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। चैपालों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। रात्रि चौपालों का आयोजन विकास खंड सण्ड़वा चन्द्रिका की ग्राम पंचायत बांसी, सांगीपुर की राजमतीपुर, लक्ष्मणपुर की चमरूपुर शुक्लान व विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ की हरनाहर ग्राम पंचायत में किया गया। चौपालों में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपालों में नामित नोडल अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, स्वच्छता, भूमि विवाद तथा अन्य विकास संबंधी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। चैपालों के दौरान अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक दवाओं का वितरण किया तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

### बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, युवक घायल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के परसनी गांव में सोमवार की दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। परसनी गांव निवासी सनी सरोज (18) सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे घर से बाइक लेकर सामान लेने के लिए निकले थे। गांव के बाहर पहुंचते ही अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि घायल युवक अस्पताल आया है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

## बाबा भुईफोरनाथ मंदिर में मनाया गया योग दिवस



**बेलखरनाथ धाम।** बाबा भुईफोरनाथ नाथ मंदिर, बेहटा के परिसर में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। योग प्रशिक्षक विजय शंकर पांडे एवं राम मूर्ति पांडे ने श्रद्धालुओं को योगासन एवं प्राणायाम कराया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम में कृपा शंकर दुबे, सचिन उपाध्याय, पिंटू सोनी, राजा यादव, धर्मराज यादव, पुजारी जगन्नाथ दास, राजबली यादव, शिव शंकर दुबे, करुणेश दुबे, हरकेश सिंह, सृष्टि पांडे, संध्या पांडे, छवि मिश्रा, प्राची पांडे एवं रुद्रांश पांडे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसी तरह विकासखंड आसपुर देवसरा परिसर में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें उड़ैयाडीह आयुर्वेदिक चिकित्सालय के योग प्रशिक्षक जगदेव ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा, विकासखंड के समस्त स्टाफ, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक जगदेव ने कहा कि ष्भारत के ऋषि-मुनि योग द्वारा ही दीघार्यु और स्वस्थ जीवन जीते थे।यह भारत की प्राचीन परंपरा है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। दोनों कार्यक्रमों के अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने तथा स्वस्थ एवं निरोग समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## 10 हजार के इनामी समेत दो शातिर बदमाश गिरफ्तार, तमंचे बरामद




**पट्टी।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पट्टी पुलिस और स्पेशल टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए गंभीर मामलों में वांछित चल रहे दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे .315 बोर और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत पट्टी पुलिस और स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुशुशंकर मिश्रा उर्फ कुशु मिश्रा और विजय कुमार मिश्रा उर्फ छोटू, निवासी थाना पट्टी क्षेत्र के रूप में हुई है ।पुलिस के अनुसार, विजय कुमार मिश्रा उर्फ छोटू थाना पट्टी में दर्ज एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस की ओर से 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर अवैध असलहे बरामद किए ।बताया गया कि बिबियापुर औराइन निवासी शिव कुमार पांडेय की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में भी दोनों आरोपी वांछित थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### जमीन विवाद में बुजुर्ग से मारपीट, पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे गुलाल गांव में जमीन विवाद को लेकर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित 68 वर्षीय जगजीवन शंकर ओझा के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरे गुलाल गांव निवासी जगजीवन शंकर ओझा का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की गई। घटना को लेकर पीड़ित के बेटे और हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिनाश ओझा ने दिलीपपुर थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दयाशंकर ओझा समेत पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टैक्स बकायेदारों के लिए कोई एकमुश्त समाधान योजना नहीं, वायरल टैक्स माफी की खबर झूठी

**प्रतापगढ़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ए०के० शुक्ला ने बताया है कि कतिपय वाहन स्वामियों द्वारा इस आशय की मौखिक सूचना दी गयी है कि सोशल मीडिया तथा व्हाट्सएप जैसे संचार माध्यमों पर एक कथित प्रेसनोट वायरल किया जा रहा है जिसमें यह बताया गया है कि परिवहन विभाग के टैक्स बकायेदारों के सम्बन्ध में सरकार एक मुश्त समाधान योजना ला रही है जिसमें बकाया वाहन के टैक्स जमा करते समय पेनाल्टी पर शत-प्रतिशत छूट दी जा जाएगी एवं उसके मूल टैक्स में भी 35 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही प्रेसनोट में उल्लिखित सूचना आधारहीन है एवं इस प्रकार की कोई भी योजना अथवा नीति परिवहन विभाग अथवा उ०प्र० राज्य सरकार के सम्मुख विचाराधीन नही है। उन्होने वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि सोशल मीडिया या व्हाट्सएप जैसे अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से फैल रही इस अफवाह एवं तथ्यहीन प्रचार के झांसें में न आये एवं अपने वाहनों के विरूद्ध बकाया कर को समय से जमा करें। समय से बकाया कर न जमा करने की दशा में उनके विरूद्ध उ०प्र० मोटरयान कराधान अधिनियम-1998 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की सम्भावना रहेगी। भविष्य में यदि कोई योजना उ०प्र० सरकार ६ शासन द्वारा लायी जाती है तो इसका व्यापक प्रचार-प्रसार दैनिक समाचार पत्रों व अन्य इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से किया जाएगा।

## बाईपास के लिए अधिगृहीत भूमि का मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन



**लालगंज।** बाईपास के लिए अधिगृहीत भूमि के मुआवजा से वंचित किसानो में सोमवार को प्रशासनिक लापरवाही को लेकर आक्रोश पनप उठा। लालगंज तहसील के बेलहा गांव मे नाराज किसानो ने सोमवार को जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया। वही एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि प्रभावित किसानो के प्रार्थना पत्रो की पड़ताल कर मुआवजे के बाबत शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी। लालगंज के बेलहा गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को लेकर बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसको लेकर बेलहा गांव के किसानों की लगभग छः बीघे किसानो की जमीन बाईपास के लिए अधिगृहीत हुई है। नाराज किसानों का कहना है कि अधिग्रहण को लेकर पहले उन्हें कोई नोटिस नही दी गयी। वही किसानो का दर्द यह है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण करने पर कोई मुआवजा भी अभी तक नही दिया गया है। इस मामले को लेकर किसानों ने डीएम के समाधान दिवस मे भी शिकायत दर्ज करवायी थी। किसानो का कहना है कि अधिगृहीत जमीन मे उनके हिस्से और कब्जे का उल्लेख सरकारी अभिलेखों एवं प्रकाशित गजट में भी प्रदर्शित है। इसके बावजूद अधिग्रहण प्रक्रिया को एकतरफा किये जाने को लेकर किसानो मे नाराजगी पनप उठी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान गांव के रामदीन यादव व खजुरी निवासी टकैन, भानुमती, सुभाष यादव आदि का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद भी मुआवजा नही दिया जा रहा है। वही किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने चेताया है कि प्रभावित किसानो को मुआवजा का भुगतान किये बगैर निर्माण कार्य को लेकर उनका संगठन अनवरत धरना प्रदर्शन शुरू करेगा।

# एंबुलेंस और कार में भीषण टक्कर मां-बेटे की मौत, पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल

**कौशाम्बी में तेज रफ्तार ने ढाया कहर**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहा एक एंबुलेंस और कार में भीषण टक्कर हो गई,टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए,हादसे में कार सवार दंपत्ति और दो बच्चे गंभीर घायल हो गए,हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा जहा मां और एक बच्चे की मौत हो गई,वही पिता और एक बच्चा अभी भी गंभीर घायल है,जिनका अस्पताल मे इलाज चल रहा है।कार सवार प्रतापगढ़ के बताए



जा रह रहे,सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक राजापुर की तरफ से आ रही एक कार महेवाघाट थाना क्षेत्र के सरसवां पीएचसी के पास एंबुलेंस से टक्कर हो गई,टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए,हादसे में कार सवार महिला सयामा फारूखी पत्नी फैजल और अब्बास 6 माह पुत्र फैजल की मौत हो गई,वही पति फैजल और एक बच्ची मनाल फारूखी पुत्री फैजल गंभीर घायल है,घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को अस्पताल में भती कराया है जहां घायलों का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है दो लोगों की मौत के बाद एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है जिसके चलते रोज दुर्घटनाएं हो रही है।

## मध्यस्थता, लोक अदालत एवं एडीआर तंत्र के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता शिविर आयोजित

**कौशांबी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में दिनांक 19/06/2026 दिन शुक्रवार को आमजन को त्वरित,सुलभ एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता,लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालतों के कार्यों के प्रचार-प्रसार तथा वैकल्पिक विवाद निस्तारण एडीआर तंत्र के प्रावधानों एवं लाभों के संबंध में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुश्री प्रिया सिंह ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा उन्हें विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध न्यायिक सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया और उपस्थित लोगों को न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए उपलब्ध वैकल्पिक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि मध्यस्थता एवं लोक अदालतें विवादों के समाधान का एक प्रभावी माध्यम हैं,जहां पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का निपटारा कर सकते हैं। इससे समय,धन एवं श्रम की बचत होती है तथा दोनों पक्षों के बीच आपसी संबंध भी बने रहते हैं। मध्यस्थ अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि लोक अदालतों में पारित निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होते हैं तथा इनके विरुद्ध सामान्यतः अपील का प्रावधान नहीं होता।

## क्षेत्राधिकारी सिराथू ने थाना कोखराज पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में किया पैदल गश्त



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की गई पैदल गश्त के दौरान प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं जुलूस मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई जनपद पुलिस द्वारा मोहर्रम पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर निगरानी एवं भ्रमण किया जा रहा है।

## भेलखा आंगनबाड़ी केंद्र में भ्रष्टाचार से योजना का लाभ नहीं पा रहे छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं

**कौशांबी।** मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा भेलखा गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ियों द्वारा छोटे-छोटे बच्चों गर्भवती महिलाओ एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाले पोषण पुष्टाहार राशन लाभार्थियों को नहीं दिया जा रहा है जिससे सरकार की योजना से लाभाथी वंचित हो रहे हैं छोटे-छोटे बच्चों गर्भवती महिलाओ एवं धात्री महिलाओं ने बताया कि योजना में मिलने वाले पोषण राशन को गबन किया जाता है केंद्र का संचालन महज औपचारिकता बनकर रह गया है जिससे छोटे-छोटे बच्चे कुपोषित हो रहे हैं और उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है निशुल्क वितरण किए जाने वाले पोषण पुष्टाहार राशन की ऊंचे कीमत पर कालाबाजारी की जा रही है योजना के पात्र छोटे-छोटे बच्चों गर्भवती महिलाओ एवं धात्री महिला लाभार्थियों को पोषण पुष्टाहार राशन नहीं दिया जाता है गर्भवती महिलाओं ने बताया कि यदि कोई इसकी शिकायत अधिकारियों से करता है तो उनके पतियों को केंद्र संचालिका उल्टी बात करके बेइज्जत करके भगा देती है कि मेरे दरवाजे के अंदर नहीं आना है कार्यकत्रियां आंगनबाड़ी केंद्र को ही अपना निवास बनाकर रखती हैं आंगनबाड़ी केंद्र में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद सुपरवाइजर सीडीपीओ ने रोक नहीं लगाई है बताया जाता है कि आंगनबाड़ी के पोषण पुष्टाहार को बेच लेने के बाद उससे मिलने वाली रकम में सुपरवाइजर और सीडीपीओ हिस्सा वसूली लेती है मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र में लाखों रुपए महीने की वसूली होती है जिससे आंगनबाड़ी के बढ़ते भ्रष्टाचार का लाभ पात्र महिलाओं बच्चों को नहीं मिल रहा है आंगनबाड़ी केंद्र में योजना का लाभ न मिलने के मामले की जांच कराए जाने की मांग गांव के लोगों ने अधिकारियों की है यदि मामले में अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कराई तो आंगनबाड़ी केंद्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा होगा और आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका के साथ-साथ सुपरवाइजर और सीडीपीओ पर भी कठोर कार्यवाही हो सकती है।

## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिन पहले मुशर्रफ पुत्र लाडे अपने ही गांव की नाबालिक बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। बालिका बदहवास हालत में घर पहुंचकर आपबीती बताई परिजन सुनकर सन्न रह गए। परिजन स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद एक्शन में आई पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी। हर जगह तलाश करती रही पुलिस लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल रहा था। बीती रात टिकरी तिराहा के पास पुलिस को आरोपी दिख गया। पुलिस द्वारा आरोपी को हाँथ देकर रोकने की कोशिश की गई लेकिन वह नहीं रुका और भागने की फिराक में पुलिस पाटी पर अवैध तमंचे से फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में मुशर्रफ के दोनों पैर में गोली लग गई और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया और इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुआ।

## संदिग्ध दशा में विवाहिता ने की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना के भरवारी पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम चमन्धा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी मौत की सूचना पर आनन फानन में चौकी प्रभारी मय हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम अंतिम परीक्षण के लिए भेजकर मौत के कारण का पता लगाने में जुटे है कौशाम्बी जनपद में आत्म हत्या पर लगाम नहीं लग पा रही है आये दिन ऐसी घटनाएं सामने आया करती है ऐसी ही घटना बीती रात थाना कोखराज के भरवारी पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम चमंनधा में विवाहिता सुशीला देवी उम्र 38 वर्ष पत्नी लक्ष्मण सरोज ने 21/06/2026 की रात्रि में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी घर पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी



भरवारी पुलिस चौकी प्रभारी नितेश त्रिपाठी को जैसे मिली बिना देर किये वह अपने हमराहियों में जितेंद्र सिंह,विजय यादव व महिला आरक्षी पूनम सहित घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस अंतिम परीक्षण के लिए भेज दिया है विवाहिता सुशीला देवी के जहरीला पदार्थ खाने की अहम जानकारी में वहाँ के लोगों से गहराई से पूछताछ किया बताया गया कि मौके पर पति घर में नहीं था वह शादी विवाह में बाजा बजाने का काम किया करता है और घटना वाले दिन वह बजा बजाने गया था उसी से परिवार का भरण पोषण किया करता वह भी नही बता सका कि पत्नी ने ऐसा क्यों किया फिलहाल चौकी प्रभारी इस अनसुलझे आत्महत्या करने की गुत्थी की जल्द ही खुलासे करेंगे फिलहाल पारिवारिक जन किसी प्रकार की बात नहीं कर रहे न ही किसी पर आरोप लगा रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग की स्थानांतरण नीति फेल चुम्बक की तरह चिपक गए कमर्चारी और डॉक्टर

**डॉक्टर फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मियों के स्थानांतरण ना किए जाने पर जिम्मेदारों की इस बड़ी लापरवाही पर सवाल खड़ा होना लाजमी है**

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से तैनात डॉक्टर कमर्चारी फार्मासिस्ट की लापरवाही दिनों दिन बढ़ती जा रही है लंबे समय से एक अस्पताल में तैनात डॉक्टर कमर्चारी फार्मासिस्ट मठाधीश हो गए हैं और वह बिना ड्यूटी के भी वेतन निकाल रहे हैं जिससे मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर में भी इसी तरह का एक शराबी चपरासी तैनात है जो 4 वर्षों से बिना ड्यूटी के वेतन ले रहा है इस अस्पताल के अधीक्षक की भी तीन वर्षों से अधिक समय की तैनाती हो चुकी है लेकिन स्थानांतरण नहीं हुआ है लंबे समय से सरकारी अस्पतालों में एक स्थान पर तैनात डॉक्टर फार्मासिस्ट और कमर्चारी ड्यूटी छोड़कर निजी अस्पताल में इलाज करते देखे जाते हैं जबकि निजी अस्पताल में सरकारी डॉक्टर के इलाज करने पर हाई कोर्ट ने पूरी तरह से रोक लगाई है और डॉक्टरों ने हाल हाई कोर्ट को शपथ पत्र देकर बताया भी है कि वह निजी अस्पताल का संचालन नहीं कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी दर्जन भर से ज्यादा चिकित्सक निजी अस्पताल के संचालन में मस्त दिखाई पड़ रहे हैं स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण नहीं फेल हो गई है और जुगाड़ लगाकर डॉक्टर कमर्चारी फार्मासिस्ट एक ही अस्पताल में कई कई वर्षों से जमे हुए हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर सहित संयुक्त जिला चिकित्सालय से लेकर तमाम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से डॉक्टर फार्मासिस्ट और कमर्चारियों का स्थानांतरण नहीं हुआ है नियमों की बात करें तो 3 वर्षों में डॉक्टर कमर्चारी और फार्मासिस्ट का स्थानांतरण दूसरे स्थान पर और 7 वर्षों में जिले से बाहर किए जाने का नियम है लेकिन ना तो जिले में यह नियम लागू होता दिख रहा है और ना ही यह नियम मंडल और प्रदेश में लागू होता दिख रहा है आखिर सरकार की नीतियों की विपरीत मनमानी तरीके से एक स्थान पर लंबे समय से जमे डॉक्टर फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मियों के स्थानांतरण ना किए जाने पर जिम्मेदारों की इस बड़ी लापरवाही पर सवाल खड़ा होना लाजमी है।

## भैंस चोर से पुलिस की हुई मुठभेड़

**25 हजार का इनामिया अपराधी गिरफ्तार**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भैंस चोरी करने के धंधे में बीते पांच दशक से करारी क्षेत्र के गैंग सक्रिय है कुछ महीने से पुलिस ने इस गैंग के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार किया है उनकी कमर तोड़ दिया है लेकिन अभी भी सरगना आजाद है और नए-नए सदस्यों को शामिल करके वह घटनाओं को अंजाम देने में लगा है भैंस चोरी करने के गिरोह के इस सरगना ने कुछ वर्षों में करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है इस पर गैंगस्टर एक्ट 14 ए के तहत भी कार्यवाही नहीं हुई है भैंस चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहा 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश से देर रात मंझनपुर पुलिस की मुठभेड़ हो गई भैंस चोर ने पुलिस पाटी पर फायरिंग शुरू कर दी तो पुलिस पाटी ने भी भैंस चोर पर फायरिंग शुरू कर दी जिससे भैंस चोर के पैर में गोली लग गई वह जमीन पर गिर पड़ा उसके बाद पुलिस ने भैंस चोर को गिरफ्तार कर लिया है और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भती कराया गया है।घायल आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा,कारतूस और नगद रुपए भी बरामद हो है।

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बंधवा रजबर और भेलखा गांव से 29 और 30 अप्रैल की रात चार भैंसों और एक भैंस के बच्चे की चोरी हुई थी। मामले में दर्ज मुकदमों की जांच के दौरान पुलिस पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी,जबकि गुड्डू उर्फ साहिल फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि गुड्डू उर्फ साहिल एदिलपुर नहर के पास अपने साथियों का इंतजार कर रहा है और किसी वारदात की फिराक में है। घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसे पुलिस ने पकड़ लिया।घायल आरोपी की पहचान गुड्डू उर्फ साहिल पुत्र तूफान अहमद, निवासी रहीमपुर मौलानी, थाना करारी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस,एक जिंदा कारतूस और 3310 रुपये बरामद किए गए हैं पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ बंधवा रजबर और भेलखा गांव से भैंसें चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार चोरी की गई भैंसों को उन्नाव के स्लॉटर हाउस में 30 हजार रुपये में बेच दिया गया था, जिसकी रकम आपस में बांट ली गई थी। पुलिस मामले में आगे की विधिक कारर्वाई कर रही है। हालांकि भैंस चोरी की घटनाओं को बीते तीन दशक से अंजाम देने वाले सरगना के गिरहबान तक अभी पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे हैं यह सरगना करारी थाने में अक्सर देखा जाता है राजनीतिक पकड़ के चलते यह सरगना बार-बार बच रहा है।

## यूनियन बैंक मिनी शाखा समदा के गेट पर लगा आम का ठेला बना मुसीबत

**कौशांबी।** डिजिटल बैंकिंग और जन-धन खातों का दायरा बढ़ रहा है,लेकिन मंझनपुर थाना क्षेत्र के समदा चौराहे पर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मिनी शाखा के सामने लगी आम की ठेला-ठेली ने ग्राहकों का जीना मुश्किल कर दिया है। ठेले की वजह से बैंक के गेट पर हर समय भीड़,गंदगी और जाम लगा रहता है। ग्राहक लेन-देन करने आएं तो जगह नहीं मिलती। मना करने पर ठेले वाले लड़ाई झगड़े पर आमदा हो जाते हैं,जिससे बैंक परिसर में तनाव का माहौल बन जाता है।समदा चौराहे पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मिनी शाखा में रोजाना सैकड़ों ग्रामीण ग्राहकों की भीड़ होती है। पेंशन, मनरेगा,किसान सम्मान निधि, आधार लिंकिंग जैसे कामों के लिए बुजुर्ग,महिलाएं,किसान लंबी लाइन लगाते हैं। लेकिन शाखा के ठीक सामने आम का ठेला लगने से पूरा फुटपाथ और गेट का आधा हिस्सा घिर जाता है। नतीजा यह है कि भीड़ जाम ग्राहक लाइन लगाने की जगह ठेले के पास धक्का-मुक्की करते हैं। बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान होती है गंदगी आम के छिलके खराब फल,पानी बैंक गेट के सामने ही फेंक दिया जाता है। बारिश में कीचड़ और मक्खी-मच्छर जमा होते हैं सुरक्षा पर खतरा है बैंक के गेट पर भीड़ होना सिक्योरिटी के लिहाज से भी ठीक नहीं है अळट में आने-जाने वाले ग्राहकों को असहजता होती है वाहनों को खड़ा करने में दिक्कत होती है चौराहा पहले से तंग है। ठेले की वजह से बाइक,ई-रिक्शा वाले रास्ता जाम कर देते हैं। किसान रामधनी ने कहा कि पेंशन लेने आए थे,एक घंटे लाइन में लगे। ठेले वाले ने जगह ही नहीं छोड़ी। बोले कि 'यहीं लगाएंगे,तुम्हें जो करना है कर लो'ग्राहकों का सबसे बड़ा आरोप है कि जब बैंक कमर्चारी या ग्राहक ठेले वाले को भाई बैंक का गेट है, थोड़ा साइड में लगा लो बोलते हैं तो वो लड़ाई पर उतारू हो जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक ठेले वाले ने कई बार ग्राहकों से गाली-गलौज और हाथापाई की कोशिश की है। "बैंक वाले मना करें तो धमकी देते हैं। पुलिस बुलाने की बात करो तो और झगड़ा बढ़ जाता है।अब ग्राहक डर के मारे कुछ बोलते ही नहीं महिला खाताधारक ने बताया कि बैंक कमर्चारियों का कहना है कि वो कई बार मना कर चुके हैं,लेकिन ठेले वाला हटता ही नहीं। हम बैंक वाले हैं,ठेला हटवाने का अधिकार नहीं है रोज टकराव होता है, काम प्रभावित होता है।

## विकास कार्यों की जाँच करने पहुंचे अधिकारियों को मिला भ्रष्टाचार का सबूत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चायल के निर्वाचित सभासद राजू पासी, शिवदर्शन एवं राजकुमर के द्वारा नगर पंचायत चायल में विकास कार्यों के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने एवं नगर अध्यक्ष का वित्तीय पावर सीज करने के सम्बन्ध जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया था। सभासदों का आरोप था कि शासन द्वारा विकास कार्यों के लिए प्राप्त धनराशि का नगर पंचायत अध्यक्ष/प्रतिनिधि एवं अतिरिक्त प्रभारी ई०ओ० की मिलीभगत से सरकारी धन का व्यापक रूप से दुरुपयोग किया गया है। साथ ही विकास कार्यों के नाम पर धन का आपस में बंदरबांट कर मानक विहीन विकास कार्य कराए गए हैं और उनका आरोप यह भी था कि लगभग एक करोंड़ कि लागत से



नाले का निर्माण ठेकेदार व नगर पंचायत अध्यक्ष की मिलीभगत से मानक विहीन कराया गया है। शिकायत के बाद जिलाधिकारी द्वारा तीन सदस्यों की एक टीम गठित की गई जो सोमवार के दिन नगर पंचायत चायल में किए गए विकास कार्यों की जाँच करने पहुंचे तो भ्रष्टाचारियों के बीच हड़कंप मच गया और जाँच टीम को जाँच के दौरान भ्रष्टाचार के पर्याप्त सबूत मिले सबूत मिलने के बाद जाँच टीम द्वारा सभासदों को आश्वासन दिया गया कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# विडंबना : डाकघर की समस्याओं से जूझ रही हजारों जनता

## बीते 90 साल में डाकघर की व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार अधिकारी उदासीन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर की मंझनपुर तहसील परिसर में एक डाकघर खुला हुआ है लेकिन इस डाकघर में ना तो कमर्चारियों की पर्याप्त व्यवस्था है ना कंप्यूटर प्रिंटर और अन्य संसाधन की पर्याप्त व्यवस्था है जिससे डाकघर का काम प्रतिदिन प्रभावित होता है और आम जनता डाकघर की समस्याओं से प्रतिदिन जूझ रही है लेकिन डाकघर की तमाम समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारी गंभीर नहीं है लगभग 100 वर्ष पूर्व मंझनपुर में खोले गए डाकघर की व्यवस्था में 100 वर्ष बाद भी परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे आम जनता परेशान और प्रताड़ित है।



आजादी के कई दशक पूर्व जब मंझनपुर गांव क्षेत्र हुआ करता था तो एक डाकघर की स्थापना मंझनपुर में हुई थी उस समय मंझनपुर में डाकघर की रजिस्ट्री के लिए तीन काउंटर खोले गए थे धीरे-धीरे आबादी तेजी से बढ़ी लोगों की डाकघर से आवश्यकता और उम्मीदें बढ़ी 1997 में जनपद कौशांबी का सृजन कर जिले का मुख्यालय मंझनपुर बना दिया गया उसके बाद जनपद मुख्यालय में तमाम अधिकारियों का कार्यालय खुला न्यायालय खुला जिससे डाकघर से लोगों की जरूर बढ़ने लगी लेकिन डाकघर में कमर्चारियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई बल्कि कमर्चारियों की संख्या कम कर दी गई रजिस्ट्री के लिए अतिरिक्त काउंटर नहीं खोले गए बल्कि मंझनपुर डाकघर में 90 साल पहले खोले गए तीन काउंटर में दो काउंटर को बंद कर दिया गया दो काउंटर के कमर्चारियों को मंझनपुर से हटा दिया गया केवल एक काउंटर में रजिस्ट्री होती है जहां पूरे दिन रजिस्ट्री करने वाले ग्राहकों की भारी भीड़ लगी रहती है अधिक भीड़ होने के चलते बुजुर्ग व्यक्तियों महिलाओं और बीमार लाचार कमजोर व्यक्तियों को रजिस्ट्री करने में दिक्कतें उठानी पड़ती है बीते 90 वर्षों के बीच डाकघर की आमदनी में तेजी से इजाफा हुआ जो डाकघर के अभिलेखों में दर्ज है लेकिन संसाधन के मामले में मंझनपुर का डाकघर बेमतलब साबित हुआ है आए दिन डाकघर का कंप्यूटर खराब रहता है आए दिन डाकघर का प्रिंटर खराब रहता है जिससे रजिस्ट्री व अन्य कार्यों के लिए डाकघर पहुंचने वाली हजारों जनता को वापस लौटना पड़ता है। गौरतलब है कि जनपद मुख्यालय मंझनपुर में डाकघर की अतिरिक्त शाखा भी मौजूद नहीं है जबकि जनपद मुख्यालय नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी डाकघर की शाखाएं कम्प्यूटरीकृत सुविधा जनक खोले जाने की जरूरत है लेकिन डाकघर के अधिकारी आम जनता की समस्या को दूर करने के लिए गंभीर नहीं है नेता जनप्रतिनिधि जनता की समस्या पर गंभीर नहीं है इतना ही नहीं आधार कार्ड को मानव जीवन का आवश्यक दस्तावेज बना दिया गया है और आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में संशोधन की जिम्मेदारी डाकघर मंझनपुर को दे दी गई है लेकिन डाकघर में कमर्चारियों की कमी है आधार कार्ड बनाने के लिए अतिरिक्त काउंटर नहीं खोला गया आए दिन प्रिंटर खराब रहता है जिससे आधार कार्ड बनवाने पहुंचने वाली हजारों जनता को भी आधार कार्ड बनवाने में दिक्कत होती है कई कई दिन बीत जाने के बाद डाकघर में आधार कार्ड नहीं बन पाता है डाकघर पहुंचने वाली जनता को बैठने के लिए कुसी बेंच की व्यवस्थाएं नहीं की गई उनके पीने के लिए पानी की व्यवस्थाएं नहीं की गई उनके लिए पंखा कूलर की व्यवस्थाएं नहीं की गई है जिससे डाकघर की चौपट व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है डाकघर की तमाम समस्याओं के चलते आधार कार्ड में नाम पता संशोधन नहीं हो पाता है जिससे आधार कार्ड की समस्या से भी पूरे जिले की जनता जूझ रही है जनता की तमाम समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारी तैयार नहीं है जिले के अधिकारियों ने डाकघर के प्रदेश के अधिकारियों को पत्र भेज करके मंझनपुर में डाकघर की अतिरिक्त शाखा डाकघर के अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग नहीं की है डाकघर में अतिरिक्त कमर्चारियों की तैनाती की मांग जिले के अधिकारियों ने नहीं की है इतना ही नहीं सांसद विधायक मंत्रियों ने भी डाकघर की समस्या पर सरकार को पत्र लिखकर अतिरिक्त डाकघर खोलने की मांग नहीं की है जिससे जिले के अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की लापरवाही उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है

अंधेर तो तब हो गया जब डाकघर मंझनपुर में रजिस्ट्री के लिए खोले गए काउंटर नंबर एक और काउंटर नंबर दो को बंद कर दिए जाने के बाद केवल काउंटर नंबर 3 से रजिस्ट्री होता है काउंटर नंबर एक और दो में कमर्चारी भी नहीं है कंप्यूटर प्रिंटर संसाधन भी नहीं है जिसका लाभ डाकघर के कमर्चारी उठाते हैं और भीड़ का फायदा उठा कर ग्राहकों से रजिस्ट्री के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक कीमत वसूल लेते हैं खुलेआम भ्रष्टाचार होता है इस पर भी रोक नहीं लगती है जिससे लगता है कि डाकघर के अधिकारी भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं जनपद मुख्यालय में लाखों की आबादी होने के बाद डाकघर के अतिरिक्त काउंटर ना खोलने कमर्चारियों की संख्या में बढ़ोतरी ना किए जाने के बाद आम जनता परेशान हो गई है लेकिन अन्य कोई विकल्प न होने से जनता की समस्या नहीं दूर हो रही है इलाके के नेता आम जनता अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी कौशांबी से लेकर डाकघर के प्रवर अधीक्षक से जनपद मुख्यालय मंझनपुर में डाकघर की अतिरिक्त शाखा कचहरी परिसर में और मंझनपुर तहसील के डाकघर में अतिरिक्त काउंटर खोले जाने अतिरिक्त कमर्चारियों की तैनाती किए जाने की मांग की है।

# शादी में शामिल होने आए युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या, दो साथी हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी, प्रतिनिधि। जिले** के खनियाधाना थाना क्षेत्र के खजरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने आए एक युवक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। युवक का शव सोमवार दोपहर गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटनास्थल से खून से सना पत्थर और शराब की खाली बोतल बरामद होने के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मृतक के साथ आए दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शिवपुरी शहर के गौशाला क्षेत्र निवासी सुशील उर्फ शिम्पल उपाध्याय के रूप में हुई है। वह शिवपुरी-गुना बायपास स्थित सूर्या होटल में कार्यरत था। उसके साथ होटल में काम करने वाले शेषराम गुर्जर और कल्लू आदिवासी भी रविवार को खजरा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। कल्लू आदिवासी की बेटी खजरा गांव स्थित अपनी





ननिहाल में रहती है, जिसके चलते तीनों युवक समारोह में शामिल होने आए थे।

**रात में शराब पार्टी, सुबह मिला शव**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रविवार रात तीनों युवक गांव के बाहर गए थे, जहां उन्होंने शराब पार्टी की थी। इसके बाद सोमवार दोपहर सुशील उपाध्याय का शव गांव के बाहरी क्षेत्र में पड़ा मिला। शव के सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है।

**घटनास्थल से मिले अहम साक्ष्य**

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खून से सना एक बड़ा पत्थर तथा शराब की खाली बोतल बरामद की गई। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि युवक पर पत्थर से हमला कर उसकी हत्या की गई है।

**दो साथियों से पूछताछ जारी**

मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने मृतक के साथ आए दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि हत्या के पीछे का कारण और वारदात में अन्य लोगों की संलिप्तता अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

**एफएसएल टीम जुटाएगी वैज्ञानिक साक्ष्य**

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्वालियर से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को मौके पर बुलाया है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर हत्या के कारणों और आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

**इनका कहना है**

मामले की जांच जारी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के कारणों और आरोपियों की भूमिका का खुलासा किया जा सकेगा।

**प्रशांत शर्मा एसडीओपी पिछोर**

# एनएच-46 पर अनियंत्रित कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंची, बड़ा हादसा टला

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी, प्रतिनिधि।** राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब गुना से शिवपुरी की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए विपरीत दिशा की लेन में पहुंच गई। गनीमत रही कि उस समय सामने से कोई वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा आमने-सामने की टक्कर से गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। यह घटना शहर के सिल्वर पार्क के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति से शिवपुरी की ओर आ रही थी। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे डिवाइडर को पार करते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। हादसे के दौरान कार को काफी नुकसान



हुआ, लेकिन उसमें सवार तीनों लोग सुरक्षित बच गए। दुर्घटना के समय कार के एयरबैग खुल जाने से यात्रियों को गंभीर चोटें नहीं आईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एयरबैग समय पर खुलने से बड़ा नुकसान टल गया। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और वाहन में सवार लोगों को बाहर निकालने में मदद की। घटना के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सामान्य कराने की कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# दहेज मुफ़्त विवाह कर सहायक अभियंता मंगल यादव ने पेश की मिसाल

**सुल्तानपुर/आजमगढ़। दहेज प्रथा** जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लघु सिंचाई विभाग, सुल्तानपुर में तैनात सहायक अभियंता मंगल यादव ने बिना दहेज विवाह कर समाज में नई मिसाल कायम की है। 21 जून को हिंदू रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए इस



विवाह की चर्चा अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, किसान नेताओं और आम लोगों के बीच व्यापक रूप से हो रही है।सरकारी सेवा में एक प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत होने के बावजूद मंगल यादव ने दहेज लेने से साफ इनकार कर दिया और अपने जीवनसाथी अवर अभियंता सोनी यादव के साथ सात फेरे लिए। ऐसे समय में जब समाज के कई वर्गों में दहेज को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है, मंगल यादव का यह निर्णय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।मंगल यादव ने बताया कि उन्हें अपने माता-पिता और गुरुजनों से यह सीख मिली है कि जीवन में संतोष सबसे बड़ा धन होता है। उन्होंने कहा, "दूसरों से लेकर कोई व्यक्ति महान नहीं बनता।

# शिकायत करने जा रहे परिवार पर कोर्ट परिसर के बाहर हमला

## एफआईआर की कॉपी फाड़ने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी, प्रतिनिधि।** शिवपुरी में जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय जा रहे एक परिवार के साथ न्यायालय परिसर के बाहर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि एफआईआर की कॉपी छीनकर फाड़ दी और मामला वापस लेने के लिए दबाव बनाया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुरुकदवाया निवासी रोशनी धाकड़ ने पूर्व में महिला थाना शिवपुरी में





शिकायत दर्ज कराई थी कि 21 जून को खेत की तार फेंसिंग को लेकर हुए विवाद में गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि विवाद के दौरान एक आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई।

घायल अवस्था में उन्हें पहले पिछोर अस्पताल और बाद में जिला अस्पताल शिवपुरी में भर्ती कराया गया था। पीड़ित पक्ष के अनुसार, मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को परिवार के सदस्य न्यायालय परिसर और एसपी कार्यालय पहुंचे थे। न्यायालय के बाहर आवेदन तैयार कराया जा रहा था, तभी कथित तौर पर विवाद से जुड़े कुछ लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बनाया। जब परिवार ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो उनके साथ मारपीट की गई। परिवार का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने एफआईआर की प्रति छीनकर फाड़ दी और शिकायत वापस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित परिवार सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही परिवार ने अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

# होटल-ढाबों सहित चाय के दुकानों में धड़ल्ले से जल रहे घरेलू सिलेंडर, सब्सिडी पर कारोबार

**सुलतानपुर। शहर** में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का खुलेआम व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है। होटल,ढाबों और रेस्टोरेंट में सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलेंडरों से खाना पकाया जा रहा है। इससे सरकार को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है,लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के बजाय मौन साधे हुए हैं।नियमों के मुताबिक होटल और ढाबों में 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल करना अनिवार्य है,लेकिन अधिक कीमत से बचने के लिए संचालक 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल कर रहे हैं।सूत्र बताते हैं कि एक सिलेंडर पर करीब 1900 से 2000 रुपये तक का फायदा बचाया जा रहा है। बड़े होटल और ढाबों में रोजाना



कई घरेलू सिलेंडर खपाए जा रहे हैं।सब्सिडी वाला घरेलू सिलेंडर आम उपभोक्ताओं के लिए होता है,लेकिन होटलों में इसके इस्तेमाल से गरीब और जरूरतमंद उपभोक्ताओं का हक छीना जा रहा है। वहीं सुरक्षा मानकों की अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।बस स्टेशन,अमहट,गोलाघाट और दरियापुर इलाके के कई होटलों में खुलेआम घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल होने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला पूर्ति विभाग और बाट-माप विभाग जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं।विभागीय मिलीभगत के आरोपों से भी बाजार गर्म है।एलपीजी नियंत्रण आदेश-2000 के तहत घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग गैरकानूनी है।

# सतनवाड़ा पुलिस की कार्रवाई, 70 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त; आरोपी गिरफ्तार



**शिवपुरी, प्रतिनिधि।** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सतनवाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 7 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों और अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना सतनवाड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति रुधियापुरा तालाब के छर्रा के पास हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बेचने के लिए बैठा है।

**भौंती पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश**

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता, सूरत से बरामद हुई नाबालिग बालिका

**शिवपुरी, प्रतिनिधि। जिले** की भौंती थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए अपहरण के एक मामले में लापता नाबालिग बालिका को गुजरात के सूरत शहर से सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे विधिक प्रक्रिया के तहत भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 24 मार्च 2026 को एक फरियादी ने थाना भौंती में अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर




पुलिस ने अपराध क्रमांक 78/26 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिग बालिका की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए गए। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर टीम ने गुजरात के सूरत शहर में पहुंचकर नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। साथ ही मामले में आरोपी बृजेन्द्र रजक (21 वर्ष) निवासी ग्राम बमना, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, दो युवक गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी, प्रतिनिधि।** जिले के बदरवास थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर अटलपुर गांव के समीप रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 9:30 बजे अटलपुर गांव के पास सड़क किनारे खड़े मोहनपुर निवासी ओंकार सिंह पटेलिया (60) को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग गंभीर



रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुना रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना की सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में सड़क पर उतरे युवा

## निष्पक्ष जांच की मांग

**सुलतानपुर। बिहार** पुलिस द्वारा भरत तिवारी की कथित मुठभेड़ में मौत के विरोध में जिले के सैकड़ों युवा सड़क पर उतर आए।परशुराम युवा वाहिनी और नगर पालिका परिषद के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में युवाओं ने एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि भरत तिवारी ने आत्मसमर्पण कर दिया था,

इसके बावजूद पुलिस ने उनका एनकाउंटर कर दिया। युवाओं ने इसे संदिग्ध बताते हुए मामले की न्यायिक जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया और कहा कि मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए।वरुण मिश्र ने कहा कि यदि भरत तिवारी




ने सरेंडर किया था तो मुठभेड़ की परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्याय सुनिश्चित कराने के लिए युवाओं का संघर्ष जारी रहेगा।प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मानस तिवारी, रणजीत सिंह सलूजा, हामिद राइन, अर्पित तिवारी, ओसामा इसराज, सुब्रत सिंह सनी, आर्यन तिवारी, मोहसिन सलीम, आयुष तिवारी, आदर्श मिश्र, सुमित शुक्ल, मनोज शुक्ल, अरविंद राय, आशुतोष मिश्र, सुयश मिश्र, सूफियान खान, मोनू पांडेय, अयान खान, इंतिखाब आलम समेत बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# बदरवास बायपास पर टाइल्स से भरा ट्रक पलटा, सर्विस रोड घंटों रही बाधित



**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी, प्रतिनिधि। जिले** के बदरवास बायपास पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब टाइल्स से लदा एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के पिछले दोनों पहिए निकलकर दूर जा गिरे, जबकि ट्रक में भरी टाइल्स की सैकड़ों पेटियां सड़क पर बिखर गईं। दुर्घटना के कारण सर्विस रोड पूरी तरह अवरुद्ध हो गई और यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। जानकारी के अनुसार मालवाहक ट्रक गुना से शिवपुरी की ओर आ रहा था। बदरवास बायपास के समीप पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक अचानक पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर टाइल्स बिखर जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और कुछ समय के लिए जाम जैसे हालात बन गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के दौरान जोरदार आवाज सुनाई दी, जिसके बाद लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में ट्रक चालक सहित किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं मिली। हालांकि हादसे में ट्रक और उसमें लदे माल को नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने क्रेन और अन्य संसाधनों की मदद से पलटे हुए ट्रक को हटाने तथा सड़क पर बिखरी टाइल्स को साफ कराने की कार्रवाई शुरू की। कई घंटों की मशक्कत के बाद मार्ग को आंशिक रूप से सुचारु किया जा सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बायपास मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की मांग की है।पुलिस ने घटना की जानकारी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत भदोही पुलिस का फ्लैग मार्च, जनपद के मुख्य भीड़-भाड़ वाले बाजारों व संवेदनशील स्थानों पर किया जा रह पैदल गश्त

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**आगामी** मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।, अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन व, शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में पर्याप्त पुलिस बल के साथ जनपद भदोही के सभी सर्किल क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों व संवेदनशील



चौराहों पर पैदल गश्त/फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना गोपीगंज एवं थाना कोईरौना पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस बल ( स्थानीय पुलिस व पीएसी) के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग की गई तथा स्थानीय व्यापारियों, ताजियादारों एवं संभ्रांत नागरिकों से संवाद स्थापित कर पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने की अपील की गई।

पुलिस अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि बिना अनुमति कोई नया जुलूस नहीं निकाला जाएगा तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली किसी भी भ्रामक सूचना अथवा अफवाह पर ध्यान न देने की सलाह दी गई। आमजन से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# ज्ञानपुर में तालाब की भूमि पर कब्जे का प्रयास विफल, उवारी में लेखपाल के निलंबन के निर्देश

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही, 22 जून 2026।**

**जन** शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण तथा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सोमवार को नगर पंचायत ज्ञानपुर एवं ग्राम पंचायत उवारी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



नगर पंचायत ज्ञानपुर में पुराने दीवानी परिसर के निकट स्थित तालाब की भूमि पर मिट्टी डालकर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर उन्होंने तहसीलदार ज्ञानपुर को संबंधित व्यक्ति हरिशंकर के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही तालाब की भूमि पर डाली गई मिट्टी को जेसीबी मशीन के माध्यम से तत्काल हटवाने तथा भूमि को मूल स्वरूप में बहाल करने के निर्देश भी दिए।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, मंगलवार 23. 6. 2026



# वित्त आयोग की धनराशि का सर्वाधिक भुगतान करने वाले गांवों की जांच करेगी विशेष टीम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायतों में वित्त आयोग की धनराशि के उपयोग की बारीकी से जांच की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के साथ बैठक कर विगत तीन वर्षों में राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि का सर्वाधिक भुगतान पाने वाली ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों का गहन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए है।

डीएम ने जनपद स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों व तकनीकी अधिकारियों की विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए है, जो इन ग्राम पंचायतों का भौतिक सत्यापन करेगी। यह टीम कराए गए कार्यों की गुणवत्ता, अभिलेखों का रख-रखाव, टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा ठेकेदारों का पूरा ब्योरा खंगालेंगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) की कार्यप्रणाली और ई-रिक्शा संचालन की वास्तविक स्थिति की भी जांच करेगी। स्पष्ट किया कि सर्वाधिक भुगतान वाली ग्राम पंचायतों का मुख्य विकास अधिकारी स्वयं निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) व खंड विकास अधिकारी से कराया जाएगा। चेतावनी दी कि निरीक्षण में जिन ग्राम पंचायतों में कार्यों की गुणवत्ता, अभिलेखों या प्रक्रिया में कमियां पाई जाएंगी, वहां के सचिवों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के सम्बन्ध में सीडीओ ने ली बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मच्छरजनित व संचारी रोगों से बचाव के लिए जनपद में जुलाई माह में व्यापक स्वास्थ्य अभियान चलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अभियान का द्वितीय चरण 1 से 31 जुलाई तथा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा।

बैठक में सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार समस्त गतिविधियां समय पर पूरी करने के सख्त निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अभियान में सभी विभाग आपसी समन्वय से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई व पशुपालकों



का संवेदीकरण करेंगे। जिला मलेरिया अधिकारी आर.के. सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों व कुपोषित बच्चों की जानकारी एकत्र करेंगी तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य की आभा आईडी बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

## बाल श्रम उन्मूलन के लिए 31 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

**चित्रकूट।** जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के निर्देश पर एक जून से 31 अगस्त तक जिला टास्क फोर्स के सहयोग से बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिह्नांकन, अवमुक्तीकरण व पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सीडीओ डी.पी. पाल ने सभी संबंधित विभागों को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अभियान चलाने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा आयु परीक्षण के बाद बाल श्रम की श्रेणी में आने वाले प्रकरणों में विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि भारत में 14 वर्ष तक बाल श्रम पूर्णतः वर्जित है, जबकि 14 से 18 वर्ष के किशोरों को निर्धारित नियमों व शर्तों पर ही गैर-खतरनाक प्रतिष्ठानों में काम की अनुमति है। खतरनाक श्रेणी में बाल श्रमिक नियोजित पाए जाने पर नियोक्ता को 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास या 20,000 से 50,000 रुपये तक अर्थदंड अथवा दोनों का प्रावधान है। दोबारा अपराध पर 1 से 3 वर्ष तक की सजा हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जनपद में 73 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराकर बाल व किशोर श्रमिक नियोजित करने वाले



86 नियोक्ताओं के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वाद पंजीकृत कराए गए हैं। वर्ष 2026-27 में भी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण जारी है। श्रम विभाग के अतिरिक्त परगना मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को भी अपनी स्थानीय सीमाओं में निरीक्षक घोषित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नियोक्ताओं से अपील की कि वे बाल व किशोर श्रमिक नियोजित न करें ताकि जनपद चित्रकूट को वर्ष 2026 में बाल श्रम मुक्त जनपद घोषित कराया जा सके। बताया कि बाल श्रम नियोजन की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, श्रम विभाग के पेंसिल पोर्टल या निकटतम श्रम कार्यालय पर दी जा सकती है।

## मुख्यमंत्री आवास योजना के 2534 नए आवासों का लक्ष्य : चित्रकूट में पात्र परिवारों से आवेदन की अपील, प्रक्रिया जारी

**चित्रकूट।** चित्रकूट जिले में आर्थिक रूप से कमजोर और आवास विहीन परिवारों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2534 नए आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए है। जिला प्रशासन ने पात्र परिवारों से आवेदन करने की अपील की है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि योजना के तहत अब तक लगभग 350 पात्र लाभार्थियों की पहचान की जा चुकी है। शेष पात्र परिवारों का चिन्हीकरण और आवेदन प्रक्रिया लगातार जारी है। जिलाधिकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वर्ष 2018-19 से उन परिवारों को लाभान्वित कर रही है जिनके पास पक्का घर नहीं है, जो आश्रय विहीन हैं, या जो एक-दो कमरे के कच्चे मकानों में रहते हैं। इस योजना में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार, कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति, दिव्यांगजन, 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की निराश्रित विधवा महिलाएं, तथा कोल, बसोड़ एवं जोगी (पिछड़ा वर्ग) समुदाय के पात्र परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को कुल 1.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता तीन किश्तों में दी जाएगी। इसमें पहली किश्त में 40 हजार रुपये, दूसरी में 70 हजार रुपये और अंतिम किश्त में 10 हजार रुपये



शामिल हैं। पहली किश्त जारी होने के बाद लाभार्थी को अधिकतम 90 दिनों के भीतर आवास निर्माण पूरा करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों को मनरेगा के तहत 90 दिनों की मजदूरी और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण का लाभ भी मिलेगा। विकास खंडवार लक्ष्यों के अनुसार, मानिकपुर को 1183, मऊ को 452, पहाड़ी को 281, रामनगर को 195 और कर्वी को 423 आवास आवंटित किए गए हैं।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जिले के पात्र परिवारों से अपील की है कि यदि वे या उनके आसपास कोई भी आवास विहीन परिवार योजना की पात्रता पूरी करता है, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय या ग्राम पंचायत सचिवालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# संगीत शिविर में बच्चों का जलवा, तबले की थाप से गिटार की धुन तक सबने मोहा मन

**आनंदेश्वरम् का 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित आनंदेश्वरम् संगीत अकादमी द्वारा आयोजित 21 दिवसीय संगीत प्रशिक्षण शिविर-2026 का भव्य समापन समारोह अकादमी परिसर में आयोजित किय गया। मात्र 21 दिनों की संगीत साधना और बच्चों ने मंच पर ऐसा जलवा बिखेरा कि उपस्थित दर्शक दंग रह गए। तबला, गायन, नृत्य, चित्रकला, बांसुरी एवं गिटार में बच्चों ने जो प्रस्तुतियां दीं, उनमें लय-ताल का ज्ञान और आत्मविश्वास देखते ही बनता था।

समारोह में महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक फडनीश ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए नियमित रियाज पर जोर दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ. दादूराम श्रीवास, दिव्यांग विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. संध्या पाण्डेय तथा पीएचडी स्कॉलर रोहन पंडित ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और संगीत को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। अकादमी के निदेशक विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह सफलता बच्चों की लगन, शिक्षकों के



समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने घोषणा की कि अगला शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर आगामी 26 दिसंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़े मंच व नई विधाओं को शामिल किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक व संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

# भारत से पहली बार कांपा चीन, पुतिन के गुरु बोले हिंदू आ रहे हैं

**चीन**

**भारतीय** लोगों के डर से चीन की सरकारी मीडिया और चीन के ताकतवर लोगों को बयान तक जारी करने पड़ गए हैं। भारतीय लोगों का धमाका देखकर अब ताइवान के लोग भी चीन पर टूट पड़े हैं। पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर देख रहे होंगे कि अचानक भारत के कुछ लोगों ने चीन की गरीबी, गंदगी, झुग्गियों, सामाजिक असमानता और चीन की जाति व्यवस्था का काला चिट्ठा खोल दिया है। भारतीय लोगों ने सोशल मीडिया पर दिखाया है कि चीन भी चार जातियों में बंटा है। शी, नोंग, गोंग और शोंग शी वर्ग में आते हैं विद्वान और आधिकारिक प्रशासक। नोंग किसान थे, गोंग कारीगर और शिल्पकार थे। जबकि शोंग व्यापारियों का एक वर्ग था। यानी चीन का समाज खुद जातियों में बंटा है। इसके अलावा चीन में होऊ सिस्टम के जरिए भी भेदभाव किया जाता है। हुककोऊ सिस्टम चीन की सरकारी रजिस्ट्रेशन व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि किसी नागरिक का निवास क्षेत्र कौन सा होगा। उसे सरकारी सुविधाएं मिलेंगी या नहीं मिलेंगी।

चीन के हुकऊ सिस्टम ने ग्रामीण और शहरी चीन में एक बड़ा अंतर पैदा कर रखा है। करोड़ों ग्रामीण मजदूर शहर में काम करने तो आ जाते हैं लेकिन उन्हें शहर के स्थाई निवासियों जैसी व्यवस्था, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। बस इतना सुनते ही चीन का सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स और चीन के कई लोग इसे झूठ बोलने लगे। पूरा चीन मुट्ठी भर भारतीयों द्वारा चलाए गए कैंपेन का जवाब देता फिर रहा है। यानी चीन में बहुत भयंकर बवाल मच गया है। भारत के लोगों का साथ देते हुए अब ताइवान के लोगों ने भी सोशल मीडिया पर चीन की असमानता और गरीबी वाली वीडियो डालनी शुरू कर दी हैं। चीन दशकों से अपनी झूठी इमेज दिखाने और भारत के खिलाफ प्रॉक्सी और इंफॉर्मेशन वॉर पर अरबों रुपए खर्च कर रहा है।




लेकिन भारत में बैठे लोगों ने 1 ऋ्ढ मोबाइल डाटा से चीन के अरबों रुपए का प्रोपोगेंडा चखनाचूर कर दिया है। चीन इतना बौखला गया है कि उसने अचानक भारत और पाकिस्तान के कुछ इन्फ्लुएंसर्स को पैसा दिया है। कहा है कि हमारी इमेज और इज्जत को तुरंत बचाओ।

इसीलिए आपको सोशल मीडिया पर भारत के कई ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भी दिख रहे होंगे जो अचानक चीन के खाने, चीन के शहरों और चीन की ईमानदारी पर वीडियो बना रहे हैं। भारत में बैठे कुछ पत्रकार चीन के होऊ सिस्टम का फैक्ट चेक कर रहे हैं। बता रहे हैं कि चीन में असमानता है ही नहीं। हैरानी की बात देखिए कि चीन के पेरोल पर काम कर रहे इन इन्फ्लुएंसर्स ने कभी भारत की इमेज को बचाने की कोशिश शायद नहीं की। चीन दशकों से पैसे के दम पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और भारत में बैठे इन्फ्लुएंसरर्स से भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म का मजाक बनवाता रहा। लेकिन तब किसी ने कुछ नहीं बोला। मगर भारतीय लोगों और हिंदुओं की क्या ताकत है वह रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन के गुरु ने पूरी दुनिया को बता दी थी। पुतिन के गुरु एलेक्जेंडर डूगिन ने कहा था कि भारतीय संस्कृति भौतिक दुनिया और मुनाफे के बारे में नहीं सोचती। हिंदुओं ने मेटाफिजिकल सोच के उच्चतम स्तर को विकसित कर लिया है। हिंदू पश्चिमी देशों की तरह भौतिकवादी नहीं है।

# तेल लेने गई डील, नेतन्याहू में अब कहां धमाका कर दिया?

**मिडिल ईस्ट**

**मिडिल** ईस्ट में कई महीनों तक चले तनाव और संघर्ष के बाद दुनिया को उम्मीद थी कि अमेरिका और ईरान के बीच हुआ समझौता क्षेत्र में स्थिरता लेकर आएगा। फ्रांस में दोनों देशों ने एक अंतरिम शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए और तय हुआ कि 19 जून से डील की शर्तों पर आगे की औपचारिक बातचीत शुरू होगी। लेकिन अब घटनाक्रम अचानक नया मोड़ ले लिया है। दरअसल शांति समझौते के बाद अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधियों की पहली औपचारिक बैठक स्विट्जरलैंड के बैगन स्टॉक रिसोर्ट में होनी थी।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडवेंस को इस वार्ता में हिस्सा लेने के लिए रवाना होना था। लेकिन अब खबर आई है कि उनकी यात्रा आखिरी समय पर रद्द कर दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फैसला इतना अचानक लिया गया कि वेंस का स्टाफ और उनके साथ जाने वाले पत्रकार एयरपोर्ट तक पहुंच चुके थे।



जबकि कई अमेरिकी अधिकारी और विदेशी मीडिया प्रतिनिधि पहले से ही स्विट्जरलैंड में मौजूद थे। यही वह घटनाक्रम है जिसने पूरी पीस डील के भविष्य को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस रुकावट की सबसे बड़ी वजह लेबनान को लेकर पैदा हुआ नया विवाद है। शांति समझौते में क्षेत्र के सभी मोर्चे पर लड़ाई रोकने की बात शामिल है। जिसमें लेबनान भी शामिल था। लेकिन इसी बीच इजराइल ने साफ कर दिया कि वह दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना नहीं हटाएगा। इतना ही नहीं शांति समझौता लागू होने के बाद भी लेबनान में इजराइली हमले जारी रहे हैं। जिनमें तीन लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है। यहीं से ईरान और अमेरिका के बीच आगे की बातचीत को लेकर मतभेद बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि दूसरी ओर कुछ सकारात्मक संकेत भी मिले हैं। पीस डील पर हस्ताक्षर होने के बाद हॉर्मज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही फिर से तेज हो गई है। सऊदी अरब के झंडे वाले कई बड़े तेल टैंकर इस अहम समुद्री मार्ग से सुरक्षित गुजर चुके हैं। जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों को राहत मिली है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल अभी भी वही है। क्या अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को आगे बढ़ाया जाएगा या लेबनान और इजराइल से जुड़ा विवाद इस पूरी प्रक्रिया को पटरी से उतार देगा। फिलहाल दुनिया की नजरें मध्य पूर्व पर टिकी है।

# जानें कौन हैं IFS विश्वास विदु सपकाल, जिन्हें स्लोवाकिया में मिली जिम्मेदारी

**स्लोवाकिया**

**विदेश** मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इंडियन फॉरेन सर्विस अधिकारी विश्वास विदु सपकाल को स्लोवाकिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। 1998 बैच के क्र्र अधिकारी सपकाल के जल्द ही अपना पद संभालने की उम्मीद है। वे अभी पेरू में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस रिलीज में कहा विश्वास विदु सपकाल, जो अभी पेरू गणराज्य में भारत के राजदूत हैं, उन्हें स्लोवाक गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि उनके जल्द ही अपना पद संभालने की उम्मीद है। इससे पहले, सपकाल फिजी, कुक आइलैंड्स, किरिबाती, नाउरू, टोंगा, तुवालु और वानुअतु में भारत के हाई कमिश्नर और रूस के पीटर्सबर्ग में भारत के कॉन्सल जनरल रह चुके हैं। उन्होंने रूस, आर्मेनिया, मिस्त्र



और अमेरिका में भी अलग-अलग पदों पर काम किया है।

उन्होंने कई खास ज़िम्मेदारियाँ भी निभाई हैं, जैसे नवंबर 2015 में नई दिल्ली में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट में डायरेक्टर के तौर पर काम करना, फरवरी 2023 में फिजी में हुए 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए चीफ कोऑर्डिनेटर रहना, और मई 2023 में पापुआ न्यू गिनी में हुए "फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन " के तीसरे समिट में चीफ लाइजन ऑफिसर की भूमिका निभाना। विदेश मंत्रालय में सपकाल ने नॉर्दर्न डिवीजन, टएफ डिवीजन और फाइनेंस डिवीजन में अलग-अलग पदों पर काम किया। वह मई-नवंबर 2019 के दौरान जॉइंट सेक्रेटरी (BIMSTEC, SAARC और नालंदा) रहे। नवंबर 2019 से जून 2023 तक वह जॉइंट सेक्रेटरी (साउथ) रहे। उन्होंने अगस्त 2021 से जनवरी 2022 तक जॉइंट सेक्रेटरी (इंडो-पैसिफिक) के तौर पर भी काम किया।

# पानी दिलवा दो... UNSC में जाकर भारत का नाम लेकर रोया पाकिस्तान




**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** दुनिया भर को बड़ी-बड़ी ज्ञान बांट रहा है। खुद भारत ने जब उसकी हवा टाइट की तो पाकिस्तान पानीपानी चिल्ला रहा है। सिंधु जलसिंधी का मुद्दा पाकिस्तान यूएनएससी में लेकर पहुंच गया है। क्योंकि भारत के दिखाए हुए ठेंगे ने पाकिस्तान को परेशान कर दिया है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री ईशाक डार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से सिंधु जल संधि के कथित उल्लंघन के मामले में भारत के खिलाफ संज्ञान लेने की अपील की है। भारत ने तो साफ कर दिया है कि एक बूंद भी नहीं जाने देंगे और पूरी कोशिश करेंगे कि जो पानी पाकिस्तान को जाता हो उसका इस्तेमाल भारत सकुशल तरीके से कर ले क्योंकि भारत के नागरिकों का खून और भारत का पानी एक साथ नहीं बहेगा। साफ तौर पर पाकिस्तान छटपटाया हुआ है और अब यूएनएससी के दरवाजे पर है।

पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि असीम इफ्तखार अहमद ने बताया कि उन्होंने इशाक डार का पत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष लियोनूर जालावाटा टोरेस को सौंपा है। पत्र में भारत द्वारा चिनाब नदी से जुड़ी दो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पाकिस्तान की चिंताओं को रेखांकित करने की बात की जा रही है। आसिफ इफ्तखार ने सोशल मीडिया पर बताया है कि इस पत्र के माध्यम से सुरक्षा परिषद का ध्यान तत्काल इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि दक्षिण एशिया की मौजूदा स्थिति को लेकर यूएनएससी अध्यक्ष को जानकारी दी गई है।

# डील पर अमेरिका ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के लिए वर-ईरान शांति समझौते को लेकर शर्मिंदगी का कोई अंत नहीं दिख रहा है; इस समझौते को कराने में पाकिस्तान ने कतर के साथ मिलकर मदद की थी। एक पॉडकास्ट में यूएस के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान के साथ हुए एमओयू की जानकारी जारी करने में हुई देरी की एक वजह पाकिस्तान में प्रेस की आजादी के मानक थे। हालांकि यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जून को अंतरिम शांति समझौते की घोषणा की थी, लेकिन एमओयू का आधिकारिक टेक्स्ट दो दिन बाद जारी किया गया। अमेरिकी



उपराष्ट्रपति ने 'इंटरेस्टिंग टाइम्स विद रॉस डौथैट' पॉडकास्ट में बात करते हुए बताया कि पारदर्शिता को लेकर चिंताओं के कारण वॉशिंगटन को जानकारी जारी करने में समय लगा।

पाकिस्तान में प्रेस की आजादी पर वेंस ने क्या कहा?

वेंस ने कहा कि हम असल में इसे सामने लाना चाहते थे। मुझे लगता है कि यहाँ तालमेल न बैठने की एक वजह यह है कि पाकिस्तान और कतर के सिस्टम में 'फर्स्ट अमेंडमेंट' (अभिव्यक्ति की आजादी) और प्रेस की आजादी जैसी व्यवस्था नहीं है। अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सरकार को ऐसे कानून बनाने से रोकता है जो बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी और धर्म की आजादी का उल्लंघन करते हों। पाकिस्तान में ऐसी संवैधानिक सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। वेंस ने आगे कहा कि इसलिए, (पाकिस्तान में) ऐसी कोई उम्मीद नहीं है कि यह टेक्स्ट अमेरिकी लोगों के सामने आएगा ताकि वे खुद इसकी जांच-पड़ताल कर सकें।

# कतर का शाही विमान बना ट्रंप की नई सवारी, मेगा किचन से लेकर जिम तक की सुविधा

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए सिरे से तैयार किए गए 'एयर फोर्स वन' जेट का अनावरण किया। यह जेट पहले कतर के पास था और अगले महीने की शुरूआत में राष्ट्रपति को ले जाने का काम शुरू करने से पहले, यह अपनी शुरूआती उड़ानें भरने के लिए तैयार है। बोइंग 747-8 लग्जरी जेट के लाल, सफेद और नेवी ब्लू रंग-रूप ने पुराने विमान के 'रॉबिन्स एग ब्लू' (हल्के नीले) रंग की जगह ली है। पुराने विमान ने जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश के समय से लेकर लगभग 40 साल तक राष्ट्रपतियों को लाने-ले जाने का काम किया था। हवाई जहाज की पूंछ पर लहराता हुआ अमेरिकी राष्ट्रीय ध्वज बना है। ट्रंप ने यहां के पास जॉइंट बेस एंड्रयूज में एक संक्षिप्त समारोह में कहा, "सबसे बड़ा अंतर आकार का है। यह लगभग दोगुना बड़ा है। जॉइंट बेस एंड्रयूज राष्ट्रपति के हवाई जहाज का बेस है। ट्रंप ने कहा कि ये नए रंग हैं झ्र लाल, सफेद और नीला। हमें हल्का नीला रंग पसंद था।

# फोटो खिंचवाने के लिए मेलोनी ने...मैंने मना कर दिया, ट्रंप ने अब क्या नया दावा कर दिया?

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि फ्रांस में ऋ्र/ बैठक के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने बार-बार उनके साथ तस्वीर खिंचवाने की कोशिश की। उनका आरोप है कि मेलोनी ऐसा करके इटली में अपनी लोकप्रियता बढ़ाना चाहती थीं। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा फ्रांस में ऋ 7 बैठक के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने बार-बार मेरे साथ तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की। ट्रंप ने दावा किया कि इटली में मेलोनी की लोकप्रियता घट रही है और इसे ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने या बनाने से रोकने की अमेरिकी कोशिशों पर उनके रुख से जोड़ा। ट्रंप ने कहा कि इटली में उनकी लोकप्रियता का स्तर कम है, शायद इसलिए क्योंकि उन्होंने अमेरिका को ठुकरा दिया था–एक ऐसा देश जो सच में इटली से प्यार करता है और उसकी रक्षा करता है। खासकर तब जब ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने या बनाने से रोकने की बात थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इटली की भी आलोचना की क्योंकि उसने अमेरिका को अपने लैंडिंग स्ट्रिप या रनवे का इस्तेमाल नहीं करने दिया। उन्होंने इसे लॉजिस्टिक्स से जुड़ी एक बड़ी चुनौती बताया। ट्रंप ने लिखा उन्होंने हमें इटली के लैंडिंग स्ट्रिप या रनवे का इस्तेमाल भी नहीं करने दिया, जिससे लॉजिस्टिक्स में बहुत दिक्कत हुई। और यह तब हुआ, जब अमेरिका इटली और दूसरे 'तथाकथित' नाटो सहयोगियों की सुरक्षा के लिए हर साल अरबों डॉलर खर्च करता है। ट्रंप ने आगे दावा किया कि जब



अमेरिका ने ईरान को सैन्य रूप से हरा दिया तो मेलोनी ने वॉशिंगटन के साथ संबंध बेहतर करने की कोशिश की। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि अब, जब अमेरिका ने ईरान को सैन्य रूप से हरा दिया है, तो वह अपने 'आंकड़े बढ़ाने' के लिए फिर से दोस्ती करना चाहती हैं। नहीं, शुक्रिया।

डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि हाल ही में हुए ऋ्र/ समिट में प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए "मिन्नत" की थी।

इस बयान से दोनों सहयोगियों के बीच कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया। ट्रंप ने कहा कि मेलोनी "शायद खुश" थीं कि समिट के दौरान उन्होंने उनसे बात की। शुक्रवार को मेलोनी ने ट्रंप के दावे को सिरे से खारिज कर दिया और उन पर मनगढ़ंत कहानी बनाने का आरोप लगाया। मेलोनी ने कहा डोनाल्ड ट्रंप के बयान पूरी तरह से मनगढ़ंत हैं। मैं सचमुच हैरान हूं। मुझे समझ नहीं आता कि अमेरिका के राष्ट्रपति अपने सहयोगियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं: और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सड़क किनारे हुए दो धमाकों में 7 लोगों की मौत, 3 घायल

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सड़क किनारे हुए दो धमाकों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ये धमाके बन्नू जिले के मार्का बेरा इलाके में हुए; इनमें पहले एक यात्री वाहन को और बाद में बचाव कार्य में लगे लोगों को निशाना बनाया गया। खबर लिखे जाने तक किसी भी गुट ने इन हमलों की ज़िम्मेदारी नहीं ली थी। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है, ताकि घटना से जुड़ी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।

बन्नू ज़िले में दो धमाके

बन्नू ज़िले के पुलिस अधिकारी यासिर अफरीदी के मुताबिक, पहला धमाका



तब हुआ जब सड़क किनारे लगाया गया एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (क्एऊ) उस समय फट गया, जब एक पैसेंजर वैन वहां से गुजर रही थी। धमाके की चपेट में आने से गाड़ी में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वैन हाथी खेल गांव से बन्नू शहर जा रही थी, तभी वह धमाके की चपेट में आ गई।

कुछ देर बाद, उसी जगह पर दूसरा धमाका हुआ

पुलिस के मुताबिक, ऐसा लगता है कि दूसरा धमाका उन लोगों को निशाना बनाकर किया गया था जो पहले हमले के बाद बचाव कार्य के लिए वहां जमा हुए थे। दूसरे धमाके में दो और लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। इन दो घटनाओं में कुल सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

जांच चल रही है

पुलिस ने बताया कि घायलों और मारे गए लोगों के शवों को पास के अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है और सबूतों के लिए घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और जांच के तहत घटनास्थल से फॉरेंसिक सामग्री इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की है और न ही हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की है।

मुख्यमंत्री ने हमले की निंदा की

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने विस्फोटों से संबंधित परिस्थितियों की गहन जांच के आदेश भी दिए। इस घटना को "बेहद दुखद" और "हृदयविदारक" बताते हुए मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि प्रांतीय सरकार इस कठिन समय में हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि विस्फोटों में घायल हुए लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार मिले।